# शासन की ढाई सौ एकड़ जमीन का फर्जी तरीके से हो गया पट्टा

## ग्राम कतरिहार के पूर्व सरपंच रामनरेश गुर्जर ने रची साजिश, पॉच सौ परिवारों को बेघर करने का दे रहा धमकी

**सिंगरौली।** जिले के विकास खण्ड चितरंगी तहसील वित्त दुधमनिया के ग्राम कतरिहार में पूर्व सरपंच रामनरेश गुर्जर ने म.प्र. शासन की 250 सौ एकड़ जमीन फर्जी तरीके से पटवारी और राजस्व के अधिकारियों के साथ मिलकर पट्टा करा दिया। इस जमीन में 500 परिवारों का गुजर-बसर होता था। लेकिन अब दबंग पूर्व सरपंच ने हटाने की धमकी दे रहा है। जहां दर्जनों की संख्या में ग्रामीण कलेक्टर के पास पहुंच फरियाद की है।



कलेक्टर को दिये शिकायती पत्र में रामजतन सिंह, रामसुधारे अगरिया, लल्लू सिंह, भोला प्रसाद गुर्जर, संतोष कुमार नाई, बबुन्दर अगरिया सहित आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कतरिहार में बैगा, गोड़, अगरिया, जायसवाल, गुर्जर, नाई के लोग हैं। इस गांव में कई पुस्तों से उक्त जमीन पर जुताई-बुआई कर अपना और अपने परिवार को जीवन यापन करते आ रहे हैं। कतरिहार गांव की तकरीबन 250 सौ एकड़ जमीन पूर्व सरपंच रामनरेश गुर्जर अपने नाम और अपने बाबा रामरूप के नाम अपने पिता वैद्यनाथ, माता गोनही देवी के नाम के अलावा अपनी बहन राधिका गुर्जर और खास परिवार से रामसहाय भूर्तिया, रामरक्षा भूर्तिया, भूआली भूर्तिया, गनपद भूर्तिया के नाम फर्जी तरह से म.प्र. शासन की जमीन में पट्टा करवा लिया। जब ग्रामीणों को फर्जी पट्टा करवाने की जानकारी हुई तो तहसीलदार दुधमनिया, एसडीएम चितरंगी के अलावा कलेक्टर सिंगरौली को कई बार जनसुनवाई में आवेदन दिया गया। लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्रवाई प्रशासन की ओर से रामनरेश गुर्जर एवं उसके लोगों पर नही हुई। पीड़ितों ने बताया कि रामनरेश गुर्जर सरहंग है। आये दिन जमीन पर जेसीबी लेकर मेड़बन्धी व बंधा जबरजस्ती बनवाता है और जब रोकने का प्रयास किया जाता है तो गाली-गलौज और मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। कई बार थाने में भी शिकायत की जाती है, लेकिन पुलिस जाती है और देखकर लौट आती है। कई बार प्रशासन के यहां कतरिहार गांव की जनता पहुंची है, लेकिन प्रशासन अभी तक इन गरीबों के लिए कोई ठोस पहल नही की। जिसके चलते सरहंग आये दिन परेशान कर रहा है। वही आधा सैकड़ा ग्रामीण राज्यमंत्री राधा सिंह से आज दिन मंगलवार को मुलाकात की। जहां राज्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि आदिवासियों के साथ अन्याय नही होने दिया जाएगा।

### पूर्व राजस्व अधिकारियों के सांठगांठ से हुआ फर्जी खेल

म.प्र. शासन की जमीन पर कब्जा करना और उसपर घर बनाकर रहना और खेतीबाड़ी करना यह आम बात है। लेकिन म.प्र. शासन की एक-दो एकड़ नही, बल्कि तकरीबन 250 सौ एकड़ जमीन पट्टा करा लेना कोई सरल बात नही है। इसके लिए मास्टरमाइंड होना जरूरी है। इसके लिये पूर्व राजस्व अधिकारियों से अच्छी सांठगांठ होगी, तभी पट्टा होना लाजमी है। इस 250 सौ एकड़ जमीन में फर्जी तरीके से पट्टा कराने में पटवारी के साथ-साथ पूर्व राजस्व अधिकारी की मिलीभगत के बिना संभव नही है। बताया जता है कि रामनरेश गुर्जर कतरिहार पंचायत का पूर्व सरपंच है। पैसे के दम पर फर्जी तरीके से राजस्व अधिकारियों से मिलकर म.प्र. शासन की जमीन को हड़पा है। आखिर कई बार ग्रामीण जनता दस्तावेज के आधार पर शिकायत की, तो कार्रवाई क्यों नही हुई, यह भी बड़ा सवाल है।

### 500 सौ परिवारों को खदेड़ने का रच रहा साजिश

ग्राम कतरिहार के पूर्व सरपंच रामनरेश गुर्जर की दबंगई के आगे 500 सौ परिवार दहशत में है। क्योंकि आये दिन गरीबों के जमीन को अपना बताकर जेसीबी चलाता है, खेती बोई रहती है, उसपर जेसीबी चला देता है, आये दिन उजाड़ने की धमकी के साथ गाली-गलौज, मारपीट पर उतारू होता है। अगर जनता थाने या फिर एसडीएम या कलेक्टर के यहां शिकायत करने आते हैं तो रास्ते में रोक कर गाली-गलौज करता है। यहां तक धमकी देता है कि जहां भी शिकायत करना है कर दो, क्यों कि मेरे पास पैसा है, शासन-प्रशासन व पुलिस मेरे साथ है। कहीं भी जाओगे तो सुनवाई नही होगी। क्योंकि अब मेरा पट्टा है, कोई कुछ नही कर सकता है। वहीं अब रामनरेश गुर्जर जमीन बेचने के लिए बाहर से लोग बुलाकर जमीन दिखाता है। आखिर 500 सौ परिवार कहां जाएगा?

# अपर कलेक्टर की जन सुनवाई में 160 लोगो ने दिया अपना आवेदन



**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से आये हुये 160 लोगों ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर पीके सेनगुप्ता को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रों पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रों का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ, उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबंधित आवेदनों पर तत्परता दिखाते हुये समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन वर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, नंदन तिवारी, तहसीलदार सविता यादव, जान्हवी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश



**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा खाद बीज वितरण के संबंध में निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक औसत से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के संबंध में पूर्वानुमान के अनुसार चेतावनी समय पर जारी करायें। सभी जिलों में उपयुक्त स्थलों पर राहत शिविरों का निर्माण करके पीड़ितों के आवास, भोजन, पानी, प्रकाश और उपचार की व्यवस्था करें। प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य समुचित प्रचार-प्रसार करें। गणेश जी और दुर्गा जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जन्माष्टमी, दशहरा, नवरात्रि तथा अन्य पर्व परंपरा के अनुसार मनाये।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित करें। खाद के रैक प्राप्त होने तथा जिले में उपलब्धता के संबंध में आमजनता को विभिन्न संचार माध्यम से लगातार सूचनाएं दें। अमानक खाद और बीज बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। खाद किसानों के घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयर एम्बुलेंस सेवा के उपयोग राहगिरी योजना, उद्योग संवर्धन केन्द्र को सक्रिय बनाये रखने तथा जिला स्तर पर 20 सदस्यों की जिला विकास समिति गठित करने के निर्देशित किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट एनआईसी व्हीसी कक्ष से कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन वर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र द्विवेदी, सीएमएचओ डॉ. पंकज सिंह तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# गैस पाइप लाइन कार्य से टूटी, अमृत नल जल योजना की पाइपलाइन

## खेतों और घरों में घुसा पानी, पेयजल संकट से जूझ रहे लोग



**सिंगरौली।** पहरी टोला क्षेत्र में अमृत नल जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शासकीय बलियरी स्कूल के सामने स्थित इस पाइपलाइन से पानी रिसकर खेतों और घरों में घुस रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में गैस पाइपलाइन डालने के दौरान अमृत नल जल योजना की पानी पाइपलाइन फूट गई। इसका नतीजा यह हुआ कि न केवल पीने का साफ पानी बर्बाद हो रहा है, बल्कि कई मोहल्लों में लोगों तक पेयजल पहुंच ही नहीं पा रहा है। लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कराने और नियमित जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# नशा को लेकर मोरवा पुलिस ने छात्रों के साथ किया नुक्कड़ नाटक



**सिंगरौली।** मोरवा में भी एसडीओपी केके पाण्डेय के मार्गदर्शन में आज दिन मंगलवार को श्री साईं सैल मंगलम महाविद्यालय के छात्रों ने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में नुक्कड़ नाटक कर नशे के विरुद्ध अपनी सुंदर प्रस्तुति दे, लोगों को जागरूक करने की कोशिश की। थाना प्रभारी मोरवा यूपी सिंह द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर साईं सैल मंगलम कॉलेज के छात्र एवं शिक्षकों ने मिलकर मोरवा अस्पताल तिराहे में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर नशे के खिलाफ जन जागरूकता कार्यक्रम कर वहां उपस्थित लोगों, बच्चों, स्कूली बच्चों एवं ऑटो रिक्शा चालकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया।

# ग्रामीण आजीविका मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप

## ग्राम समूहों और संगठनों ने भोपाल में सीईओ से की शिकायत

**सिंगरौली।** ग्रामीण निर्धन एवं बेसहारा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्तिकरण बनाने के केन्द्र व राज्य सरकार के प्रयासों और करोड़ों रूपये के बजट पर जिले के जिला पंचायत और ग्रामीण आजीविका मिशन के जिम्मेदारो द्वारा बजट में डाका डाला जा रहा है। जिससे जिम्मेदार लोग म.प्र. डे ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्यों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं ने सीईओ से भ्रष्टाचार व राशि में बंदरबाट करने वाले के खिलाफ आर्थिक अनियमितता का आपराधिक मामला दर्ज कराये जाने एवं निष्पक्ष जाँच की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. डे ग्रामीण आजीविका मिशन का जिला प्रबंधक व चितरंगी का प्रभारी नोडल, ब्लॉक प्रबंधक के खिलाफ चितरंगी की विभिन्न समूहों की सदस्यों द्वारा गत दिनों मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल को लिखित शिकायत करते हुए बताया गया है कि सिंगरौली जिला प्रबंधक मंगलेश्वर सिंह व चितरंगी ब्लाक में संसार सिंह लम्बे अर्से से पदस्थ सहायक ब्लॉक प्रबन्धक म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में पदस्थ हैं। जिनके द्वारा माँ सावित्री बाई सीएलएफ नैकहवा में करोड़ो रूपये का घोटाला किय गया है और ग्राम संगठनों को दी जाने वाली राशि को भी दूसरो के खाते में डलवाकर हड़पी जा रही है। नोडल अधिकारी संजीव सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक संसार सिंह द्वारा विभिन्न ग्राम संगठनों और दीदियों के मानदेय में भी हेराफेरी कर डकार लीं गयी है। वही जिले के चितरंगी जनपद क्षेत्र की महिला समूहों ने सीईओ को लिखें शिकायत पत्र में बताया है कि नोडल अधिकारी संजीव सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक संसार सिंह द्वारा बकरी पालन की 55 लाख रूपये में बंदरबाट किया गया है।

### भूसा घर में सड़ रही कोदो कुटकी मशीन

महिला समूहों की दीदियों और ग्राम संगठनों ने दावा किया है कि नोडल अधिकारी संजीव सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक संसार सिंह की दबंगई से कोदो कुटकी की मशीन भूसा घर में सड़ रही है। बताया गया कि बरगवां में कोदो कुटकी की मशीन क्रय करने के नाम से 17 लाख का घोटाला किया गया है। जबकि मशीन लगाने के लिए पर्याप्त बजट भी आया था। इस राशि के सम्बन्ध में जब महिलायों व दीदियों के द्वारा कुछ पूछा जाता है तो संसार सिंह के द्वारा गाली-गलौज कर डाट के भगा दिया जाता है। जिसकी शिकायत 181 पर व थाना में भी किया गया है और आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

### झाबुआ में भी किया था घोटाला

दीदियो का आरोप है कि संसार सिंह द्वारा 2016 में झाबुआें से चितरंगी ट्रांसफर कराकर आये थे। इसी तरह राशि निकालने से शिकायत पर 2020 में मुरैना के लिये ट्रांसफर किये गये थे। लेकिन इनका राजनैतिक रसूख से फिर मुरैना से चितरंगी में मोटी कमाई के लिए आ गए हैं। दीदियों ने बताया कि संसार सिंह द्वारा कहा जाता है कि भोपाल वालों को भी देना पड़ता है। जिसके लिये हम सीएलएफ से राशि आहरण करवा रहे हैं।

### चितरंगी से अन्यत्र हटाने की मांग

चितरंगी जनपद पंचायत क्षेत्र की समूहों की सदस्यों ने ग्रामीण आजीविका मिशन चितरंगी के नोडल अधिकारी व प्रबंधक संजीव सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक संसार सिंह को चितरंगी से कही अन्यत्र स्थानांतरण कराने की मांग की है। साथ ही इनके द्वारा किया गया करोड़ों की राशि की जाँच कराकर आर्थिक अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कराने की मांग की गई है।

# ग्राम पंचायत धानी में सरपंच पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ सम्पन्न



**सिंगरौली।** जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत धानी के तत्कालीन सरपंच स्व. रामप्रताप पाठक का आकस्मिक निधन हो जाने से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कराने के निर्देश दिया। ग्राम पंचायत धानी में सुबह 7 बजे से मतदान शुरु हुआ, जो 3 बजे तक संसप्त किया गया।

विकास खंड निर्वाचन अधिकारी ऋषि नारायण सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत धानी में सरपंच पद के लिए जो उपचुनाव ईवीएम मशीन द्वारा कराया गया। मतदान 68.9 प्रतिशत रहा। ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूप में शील कर दिया गया। 26 जुलाई को मतगणना की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव सरपंच पद के लिए मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। मतदाताओं से बात करने पर पता चला कि आज का मतदाता बहुत जागरूक है। विकास के मुद्दे पर मतदाता होना बताया है कि किसी प्रत्यासी के पक्ष में बात नही किया। फिलहाल सभी उम्मदिवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद है। 26 जुलाई को मतगणना होगी, तो पता चलेगा कि जनता का जनादेश किसको मिला।

# देवसर महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण

**सिंगरौली।** शासकीय महाविद्यालय देवसर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किया गया। साथ ही नशा मुक्ति का कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के द्वारा हमारे पर्यावरण में पेड़ों के महत्व तथा जीवन में नशे के प्रभावों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में छात्र तथा छात्राओं से एक-एक पेड़ लगाने की मांग की गई तथा नशे को पूर्ण रूप से समाप्त करने की बात रखी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री पूनम गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य जमुना प्रसाद नामदेव, अतिथि विद्वान डॉक्टर किरण द्विवेदी, डॉ. विद्याचरण द्विवेदी, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. शिवकुमार पटेल, डॉ. तस्लीम बेगम मौजूद रहे।

# एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में जिलाध्यक्ष ने देव वृक्ष का किया रोपण



**सिंगरौली।** देवसर विधानसभा के रजमिलान मंडल अंतर्गत पोलिंग बूथ क्रमांक 177 में एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिलाध्यक्ष भाजपा सुंदरलाल शाह ने विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम तथा मंडल अध्यक्ष सुनीता पांडेय की उपस्थिति में देववृक्ष का रोपण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा विशेष पूजन अर्चन तथा पुष्प मालाओं के अर्पण पश्चात देव वृक्ष का रोपण किया गया।

सनातन परंपरा के अनुसार आम के वृक्ष को देव वृक्ष की संज्ञा दी गई है तथा आम को फलों का राजा माना जाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार हमे जीवन देने वाली हमारी माता होती है, उसी प्रकार हमारे जीवन को संचालित करने की हर भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी धरती माता के माध्यम से होती है। अपनी भौतिक माता और अपनी धरती माता के नाम पर हम यह वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। इस अवसर पर मंडल रजमिलान के प्रभारी एवं जिलामंत्री अरविंद तिवारी, पर्यावरण दिवस के सह प्रभारी विक्रम सिंह चंदेल, मंडल महामंत्री मोहित कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष नारायण दास शाह तथा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनएच-39 को अघोषित पार्किंग बनाने पर जनप्रतिनिधियों ने एसपी को लिखा पत्र

## गोरबी-बरगंवा रोड का मामला, हिंडाल्को और त्रिमुला कंपनी के कोल वाहन रोड में हो रहे पार्क, राजेश सिंह राजू ने कहा कि यदि निराकरण नहीं हुआ तो सड़क पर उतरूंगा

**सिंगरौली।** गोरबी-बरगंवा मुख्य रोड पर हिंडाल्को और त्रिमुला कंपनी की गाड़ियां रोड में पार्क हो रही हैं, जिसके कारण रोड सिकुड़ कर आधी हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। उक्त बातें जनपद पंचायत सदस्य राजेश सिंह राजू के साथ 7 सरपंच, 3 जनपद पंचायत सदस्य के साथ जिला पंचायत सदस्य ने चिंता जताते हुए एसपी को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया है। साथ ही कहा कि यदि 15 दिवस के भीतर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो मजबूरन रोड पर उतरकर इसका विरोध करना पड़ेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।



बता दें कि जनपद पंचायत सदस्य राजेश सिंह राजू ने गोरबी-बरगवां मुख्य मार्ग को अघोषित पार्किंग बनने को लेकर एसपी मनीष खत्री को पत्र लिख कर अपनी चिंता प्रकट की है। उन्होंने पत्र लिखा है कि गोरबी-बरगवां के बीच हिण्डाल्को, त्रिमुला औद्योगिक कंपनियां संचालित हैं, जिसमे प्रतिदिन हजारों की संख्या में बड़ी-बड़ी हैवी गाड़ियों का आवागमन होता रहता है, उनके द्वारा गाड़ियों को पार्किंग में खड़ा न करके रोड पर ही खड़ा कर दिया जाता हैं। हिण्डाल्को कंपनी के गेट नंबर 1 एवं 3 पर पूरे दिन और रात भर गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इसी प्रकार कोल का कार्य करने वाली कोयला परिवहन में लगी गाड़ियां भी त्रिमुला फैक्ट्री से लेकर गोंदवाली रेलवे स्टेशन तक पूरी सड़क जाम करके रख देते हैं और रात में तो इनकी संख्या 10 गुना तक बढ़ जाती हैं। जिसकी वजह से छोटे वाहन चालकों, दुपहिया वाहन वालों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आए दिन इस रोड पर दुर्घटना होती रहती है, जिसमें कई लोग अपनी जान तक गवां चुके हैं और आगे भी इसी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

राजेश सिंह राजू ने कहा कि गाड़ियों के चालक शराब पीने के लिए सड़क के किनारे गाड़ियों को घण्टों खड़ा करके छोड़ देते हैं। साथ ही इस इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे निर्मित होने वाली जाम की स्थिती से कई प्रकार के लोग जाम में फंस जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या एम्बुलेंस, स्कूल जाने वाले वाहन सहित दूर-दराज से कंपनियों में ड्यूटी पर जाते हुए जाम में फंस जाते हैं। जिससे ये समय पर अपने गन्तव्य पर नहीं पहुंच पाते हैं। कुछ दिन पूर्व ही एक कर्मचारी दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसमें उसकी मृत्यु भी हो गई। वहीं ग्राम नौढ़िया-गोरबी बाजार से भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता रहता है।

गोरबी बाजार बहुत ही कंजस्टेड है यहां की स्थिती ऐसी नहीं है कि यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाड़िया आ जा सके। जिससे प्रतिदिन यहां जाम और प्रदूषण की स्थिती निर्मित होती रहती है। जिस कारण आसपास के गांव के एवं यहां के स्थानीय कॉलोनी के लोग भी गोरबी बाजार आना ही नही चाहते हैं या कहें कि बाजार आने से डरते हैं। जिससे गोरबी बाजार के व्यापारियों का व्यापार भी बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। जबकि गोरबी बायपास का ओवरब्रिज बनकर लगभग तैयार हो गया है, फिर भी आज दिनांक तक उसे चालू नही किया गया है। जिससे गाड़िया गोरबी बाजार से होकर ही जाती है। गोरबी रेलवे फाटक पर कई बार जाम लगने की वजह से स्कूल बस स्कूल नहीं जा पाती है और उसे वापस लौटना पड़ा है। यहां की स्थानीय जनता में इस अव्यवस्था के खिलाफ बहुत आक्रोश है। यदि आगामी 15 दिवस के बाद भी इसी प्रकार की अव्यवस्था रहती है, तो जनहित को देखते हुये मजबूरन हम सभी लोगों को रोड पर उतरकर इसका विरोध करना पड़ेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

# किसानों को नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करें : मुख्यमंत्री

## प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य तत्परता से करें : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा खाद-बीज वितरण के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक औसत से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के संबंध में पूर्वानुमान के अनुसार चेतावनी समय पर जारी करायें। सभी जिलों में उपयुक्त स्थलों पर राहत शिविरों का निर्माण करके पीड़ितों के आवास, भोजन, पानी, प्रकाश और उपचार की व्यवस्था करें। प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य तत्परता से करें। आपदा के समय ऐसे प्रबंध करें कि किसी की भी मौत न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान ही कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। गणेश जी और दुर्गा जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जन्माष्टमी, दशहरा, नवरात्रि तथा अन्य पर्व परंपरा के अनुसार मनाये।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित करें। खाद के रैक प्राप्त होने तथा जिले में उपलब्धता के संबंध में आमजनता को विभिन्न संचार माध्यम से लगातार सूचनाएं दें। अमानक खाद और बीज बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों राहत राशि वितरण के साथ-साथ बीमा सुरक्षा का भी लाभ दें। जिला स्तर पर बीमा सलाहकार समिति गठित करें। प्राकृतिक आपदा में राहतमद 6-4 से राहत शिविरों के लिए भी राशि का प्रावधान है इसका उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयर एम्बुलेंस सेवा के उपयोग राहगिरी योजना, उद्योग संवर्धन केन्द्र को सक्रिय बनाये रखने तथा जिला स्तर पर 20 सदस्यों की जिला विकास समिति गठित करने के निर्देश दिये।

वीडियो कान्फ्रेसिंग में एनआईसी से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी, सिहावल प्रिया पाठक तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# जिले में औसत वर्षा 763.5 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा बहरी में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 22 जुलाई को सीधी जिले में 2.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 16.2 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 763.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 22 जुलाई तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 876.7 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 631.5, चुरहट में 662.0, गोपद बनास में 704.0, सिहावल में 857.6, मझौली में 858.0 मि.मी. और कुसमी में 754.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 204.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 558.9 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# स्कूली शिक्षा के विभिन्न आधारभूत आयाम विषय पर शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में प्रदेश के मुख्य सचिव की पांचवी कॉन्फ्रेंस नवंबर माह में होगी




### कांफ्रेंस के फीडबैक नोट के संबंध में किया गया विमर्श

**सीधी।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के सभी जिला तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों समस्त हितधारकों, शिक्षाविदों तथा शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञों से विचार विमर्श करते हुए जिला स्तर का एक फीडबैक नोट तैयार किया जाना है। श्री पवन कुमार सिंह ज़िला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और बीआरसीसी की बैठक आयोजित की गई और फीडबैक लिया गया। इस फीडबैक के आधार पर भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा भविष्य में स्कूल शिक्षा विभाग हेतु नीतियों का निर्धारण करते हुए योजनाओं तथा कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में प्रदेश के मुख्य सचिव की पांचवी कॉन्फ्रेंस नवंबर माह में आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस की थीम है - ह्यूमन कैपिटल फ़ॉर विकसित भारत। जिला स्तर पर ''स्कूलिंग - बिल्डिंग ब्लॉक्स'' अर्थात ''स्कूली शिक्षा के विभिन्न आधारभूत आयाम'' थीम है।

बैठक में डीपीसी राजेश तिवारी, सहायक संचालक ओशो उत्सव, अशोक तिवारी, प्रवीण शुक्ल, डा संजीव त्रिपाठी, गौतम मणि अग्निहोत्री, देवेंद्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, बालेंदु शेखर, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य पतुलखी राम सजीवन शर्मा को सम्मानित किया गया।

# अलोप माता मंदिर पर प्रसाद लेने गए मासूम, फिर तालाब में नहाने लगे, डूबने से दो की मौत

**सीधी।** सीधी जिले के मझौली थाना अंतर्गत ग्राम मेडरा में मंगलवार दोपहर प्रसाद लेने गए दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान 6 वर्षीय आयुष पाल पिता राजबहोर पाल और 7 वर्षीय अजय पाल पिता होरिल पाल के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे गांव के अलोप माता मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी भंडारे में प्रसाद लेने के लिए गांव के कई बच्चे मंदिर पहुंचे थे। भंडारे के दौरान चार बच्चे पास के खेतों में बने तालाब में नहाने चले गए। इस दौरान अजय और आयुष गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ गए अन्य बच्चों ने शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग पहुंचे दोनों की मौत हो चुकी थी।

मृतक आयुष के पिता राजबहोर पाल ने बताया कि भंडारे के कारण उनका बेटा स्कूल नहीं गया था और गांव के अन्य बच्चों के साथ मंदिर चला गया था। जब वह देर तक घर नहीं लौटा, तो चिंता हुई। इसके बाद उसके डूबने की सूचना मिली। थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि एक खेत तालाब में तब्दील हो चुका है, जो बारिश के चलते लबालब भर गया था। बच्चे उसमें नहाने चले गए और दुर्भाग्यवश वे डूब गए। शवों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

# वैश्य महासम्मेलन की संभागीय काम काजी बैठक सम्पन्न

**सीधी।** वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई द्वारा संभागीय कामकाजी बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की महिला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शहडोल श्रीमती सत्यभामा गुप्ता तथा चन्द्रप्रभा गुप्ता जिला अध्यक्ष मऊगंज, मातेश्वरी गुप्ता वरिष्ठ संरक्षक के विशिष्ट आतिथ्य कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते हुए मुख्य अतिथि सत्यभामा गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि मातेश्वरी गुप्ता को साल एवं श्रीफल से भोला प्रसाद गुप्ता प्रदेश महामंत्री, आलोक केशरी सम्भागीय अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता जिला अध्यक्ष, गोपाल गुप्ता जिला प्रभारी वैश्य महा सम्मेलन तथा महिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सत्यभामा गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे लेकिन वैश्य महासम्मलेन को भी सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता दिखानी होगी।

# नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं का होगा विस्तार

## नागरिक सेवाएँ ई-नगर पालिका 2.0 एवं ऐप के माध्यम से देने का प्रयास

**सीधी**

प्रदेश में नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 संचालित हो रही है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से नगरीय निकायों में चल रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025-26 में ई-गवर्नेंस-आईटी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की है।

नगरीय निकायों की सभी सेवाओं को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड किया जायेगा। समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा।

### एनालिटिल डेशबोर्ड

नगरीय क्षेत्रों के सतत् और योजनाबद्ध विकास तथा विभागीय कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये रियल टाइम डेशबोर्ड विकसित किया जा रहा है। विभाग की एआई गार्ड योजना में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग किये जाने की भी योजना तैयार की गई है। ई-गवर्नेंस में ज्योग्रोफिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम (जीआईएस) के संयोजन के साथ शहरी विकास और सेवा विस्तार में आधुनिक पारदर्शी और डेटा संचालित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जायेगी। जीआईएस पोर्टल पर 90 से अधिक महत्वपूर्ण डाटा लेयर्स का प्रयोग कर इसका विकास किया जायेगा। ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम 3.0 पोर्टल (एबीपीएएस) के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा समस्त नगरीय निकायों में प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही कॉलोनी विकास अनुज्ञा को भी ऑनलाइन किये जाने को इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस एवं आईटी के विस्तार में व्हाट्सएप चेटबोट के माध्यम से नगरीय निकायों के सभी प्रकार के कर एवं गैर करों के बिल भुगतान की सुविधा एवं सेवाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जायेगा।

# हर घर स्वदेशी, हर युवा उद्यमी के विचारों से आत्म निर्भर बनेगा भारत: टेकाम

## जिला स्तरीय वर्ग का हुआ आयोजन, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का दिया संदेश



**सीधी।** स्वदेशी जागरण मंच सीधी एवं स्वावलम्बी भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में माधव सदन में जिला विचार वर्ग का हुआ आयोजन। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुँवर सिंह टेकाम विधायक धौहनी, अध्यक्षता अमलेश्वर चतुर्वेदी उपाध्यक्ष भाजपा, प्रमुख वक्ता राकेश तिवारी प्रांत विचार प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच महाकौशल प्रांत के विशिष्ट आतिथ्य, अधिवक्ता आशुतोष गुप्ता जिला विचार प्रमुख, अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच सीधी मंचासीन रहें। आये हुए अतिथियों द्वारा माँ भारती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुँवर सिंह टेकाम विधायक धौहनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी विचारधारा को गाँवों, स्कूल, कालेजों एवम हर घर तक ले जाने की आवश्यकता है। स्वावलम्बन से भारत आत्म निर्भर बनेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी ने कहा कि हमारे विन्ध्य की देशी परम्परा वैज्ञानिक तर्क पर आधारित है, देशी खानपान, वेश भूषा भारतीय संस्कृति, योग दर्शन को आज विश्व स्वीकार रहा है। आज की युवा पीढी को पाश्चात्य संस्कृति से बचना चाहिये। विशिष्ट अतिथि आशुतोष गुप्ता ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि गाँवों के युवा स्वावलम्बी बनकर भारत की जीडीपी उच्च शिखर तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका अदा करेंगे।

प्रमुख वक्ता राकेश तिवारी ने तथ्यात्मक उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी जागरण मंच एक विचार है, जो भारत को स्वाधीनता आंदोलन से लेकर भारत को पुनः सोने की चिडिया बनाने व विश्व गुरु बनाने में भारत के हर युवाओं को आगे बढकर भाग लेने की आवश्यकता है। अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने सारगर्भित उद्बोधन में स्वागत भाषण एवं संगठन की भूमिका में प्रकाश डालते हुए बतायें कि स्वावलम्बी भारत से ही स्वर्णिम भारत बनेगा। स्वदेशी अपनाने, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार स्वभाव में शामिल करने की आवश्यकता है। आये हुए प्रतिभागियों ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम समापन अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा मूक बधिर दिव्यांगजनों को रोजगार के लायक बनाने में महती भूमिका अदा करने वाले जगत निवास पाण्डेय शास्त्री एवं सफल उद्यमी शत्रुधन प्रसाद गुप्ता को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया।

# ग्राम तेन्दुआ में मिला मानसिक विक्षिप्त बालक, अरूणोदय बालगृह में सुरक्षित

**सीधी**



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग प्रवेश मिश्रा ने जानकारी देकर बताया है कि शनिवार दिनांक 19 जुलाई 2025 को जिला सीधी के थाना जमोड़ी अंतर्गत ग्राम तेन्दुआ में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक के अकेले घूमने की सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 को प्राप्त हुयी। चाइल्ड हेल्प लाइन सीधी द्वारा थाना प्रभारी जमोड़ी को सूचना दी गयी। थाना जमोड़ी के डॉयल 100 के द्वारा बालक का त्वरित रेस्क्यू कर प्राथमिक चिकित्सकीय जांच के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। तत्पश्चात रात्रि लगभग दस बजें बालक को अरूणोदय सेवा संस्थान बालगृह (बालक) पड़रा सीधी में आश्रय प्रदान किया गया। श्री मिश्रा द्वारा जानकारी दी गयी कि बालक अपना व माता-पिता का नाम, पता या संपर्क नंबर के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा है। बालक के दाहिने हाथ में राजू लिखा हुआ है, बालक मानसिक रूप से विक्षिप्त है एवं बालक जब पुलिस को प्राप्त हुआ है उस समय एक आसमानी नीले रंग का चेक वाला शर्ट एवं लोवर पहने हुये था, बालक का रंग सावला एवं शरीर इकहरा है कुछ बोल नहीं पाता है।

परिवीक्षा अधिकारी अनुराग पाण्डेय द्वारा बताया गया कि बालक की परिजनों को तलाशने के लिए जिले भर में अभियान चलाया गया है।

# जन सुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 195 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 195 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, डिप्टी कलेक्टर एस पी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# जिले में स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

### 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलेगा अभियान



**सीधी।** जिले में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दस्तक अभियान वर्ष 2025- 26 के प्रथम चरण का शुभारंभ मंगलवार, 22 जुलाई को किया गया। यह अभियान 16 सितम्बर तक संचालित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे ने बताया कि दस्तक अभियान के सत्र आंगवाड़ी केन्द्रों में आयोजित किए जाएंगे। जहां 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अभियान में निहित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शेष छूटे हुए बच्चों एवं नवजात शिशुओं हेतु मापअप के दौरान एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल बच्चों के घर-घर जाकर दस्तक सेवाएं देंगी। सत्र एवं मापअप के दौरान बच्चों में बीमारियों की पहचान आवश्यक उपचार एवं त्वरित रेफरल सुनिश्चित किया जाएगा। दस्तक दल का नेतृत्व एएनएम द्वारा किया जाएगा। आशा एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगी की भूमिका में होगीं।

दस्तक दल द्वारा छूटे हुए बच्चों एवं दल के पर्यवेक्षण हेतु सीएचओ उत्तरदायी होंगे। स्टाफ डायरिया कैम्पेन के माध्यम से समुदाय एवं संस्था आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। समुदाय आधारित सेवाओं में 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चों को 2 ओआरएस के पैकेट, 14 जिंक टेबलेट जिसमें 2 माह तक के बच्चे शामिल नहीं होंगे, दस्त रोग के प्रकरणों में अनिवार्यतः निर्जलीकरण का वर्गीकरण कर आवश्यक उपचार एवं रेफर करने, सत्र के दौरान उपस्थित समुदाय के लोगों के समक्ष ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन, समुदाय को जिंक टैबलेट का महत्व एवं लक्षणों की समझाईस देने के साथ ही साफ-सफाई के महत्व को समझाने एवं हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि संस्था आधारित गतिविधियों में आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में ओआरएस कार्नर स्थापित करनें निर्जलीकरण के मापदंड एवं उसके उपचार का प्रदर्शन तथा मानक उपचार, ओपीडी में आने वाले दस्त रोग वाले बच्चों को 2 ओआरएस के पैकेट, 14 जिंक टेबलेट देने, गंभीर कुपोषण के साथ निर्जली करण के चिन्हांकित बच्चों का मानक अनुसार उपचार करना, ओआरएस एवं जिंक टैबलेट के उपयोग पर चर्चा शामिल हैं।

विकासखंड स्तर पर ग्रामवार माइक्रोप्लान संबंधित बीएमओ द्वारा तैयार किया गया है। जिला स्तर पर समय-समय पर माइक्रोप्लान की समीक्षा एवं सुधार जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## संपादकीय

### अमेरिका की कार्रवाई लेकिन काम अभी अधूरा

अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित और पहलगाम हमले के गुनहगार टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह भारत के प्रयासों की जीत है, लेकिन अभी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना बाकी है। यह भी देखना होगा कि अमेरिकी कार्रवाई से पाकिस्तान पर कितना दबाव बनता है। जब तक इस्लामाबाद आतंकियों को स्पॉन्सर करता रहेगा, तब तक इस तरह के फ्रंट खड़े होते रहेंगे। टीआरफी पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा का ही एक चेहरा है। जब लश्कर और उसके सरगना हाफिज सईद पर कार्रवाई के लिए पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ने लगा, तो 2019 में उसने झ्रक्ष को प्रॉक्सी के तौर पर खड़ा कर दिया। तब से यह संगठन भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। यह जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ ही नहीं, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल है। सरकार ने 2023 में इस पर बैन लगाया था। टीआरएफ को संसाधन और समर्थन दे रहा लश्कर-ए-तैयबा पहले ही ग्लोबल टेररिस्ट ग्रुप घोषित है। इसी तरह आतंकी मसूद अजहर के जैश-ए-मोहम्मद पर भी प्रतिबंध लगे हुए हैं। इसके बावजूद, ये दोनों आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। दिखाने के लिए हाफिज सईद को जेल में रखा गया है, लेकिन उसकी गतिविधियां पहले की तरह जारी हैं और बाहर उसके बेटे तल्हा सईद ने आतंक फैलाने की कमान संभाल रखी है। लश्कर या जैश जैसे आतंकी संगठन अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद खत्म नहीं हो पा रहे, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान की तरफ से खुराक मिल रही है। जब इस्लामाबाद पर दबाव बढ़ता है, तो वह दिखावटी कदम उठा लेता है और आतंकवाद का कोई एक नया चेहरा तैयार कर दिया जाता है। झ्रक्ष के मामले में अमेरिका को पाकिस्तान के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए कि लश्कर पर बैन होने के बावजूद कैसे उसने एक दूसरा फ्रंट बना लिया? सीमापार आतंकवाद को लेकर वॉशिंगटन का नजरिया भारत से अलग दिखता है। पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की भी भूमिका रही है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद डॉनल्ड ट्रंप उनकी मेजबानी करते दिखे। यही नहीं, पाकिस्तान के एयर चीफ ने भी अमेरिका का दौरा किया। अगर अमेरिका झ्रक्ष पर बैन का कोई सार्थक नतीजा देखना चाहता है, तो उसे पाकिस्तानी सेना पर प्रेशर बनाना चाहिए। पहलगाम हमले और पाकिस्तान के बीच कनेक्शन के कई सबूत सामने हैं। ख्रझ्रक्ष ने भी मान लिया है कि बाहरी सपोर्ट के बिना इतना बड़ा हमला नहीं हो सकता था। टीआरएफ पर एक्शन का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान की घेरेबंदी करने और वैश्विक मंच पर उसे फिर से बेनकाब करने में करना चाहिए।

***संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।***

# संसद में हंगामा मतलब समय और संसाधनों की बर्बादी

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है।

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है।

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछकर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।

ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान–सम्मान पर बेजा टीका–टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष–विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी




राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए।

मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिये करता है।

2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि, पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। अब हिंडनबर्ग के बारे में एक भी शब्द राहुल गांधी या विपक्ष का कोई नेता बोलता सुनाई नहीं देता।

विपक्ष की राजनीतिक सोच और विचार का समर्थन करने वाला एक तथाकथित तबका देश में मौजूद है। ये लोग भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के विरोध के लिए 'से नो टू वॉर' कह रहे थे वही लोग आज सीजफायर की खिल्ली उड़ा रहे हैं। अब यही लोग कह रहे हैं कि सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे झुक गई। यह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इरादे और जज्बे से कर रहे हैं। इनका मूल उद्देश्य यही है कि किसी भी तरह यह साबित कर सकें कि सीजफायर को स्वीकार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कमजोर पीएम साबित किया जा सके। इस तरह की दोहरा रवैया देखकर वास्तव में हंसी आती है कि खुद को बुद्धिजीवी समझने वाले ये लोग आखिर चाहते क्या हैं?

इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। जट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए।

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भारत ने खींच दी है लक्ष्मण रेखा... कैसे होगी अमेरिका से डील 1 अगस्त की डेडलाइन भी आ गई पास

**सूत्रों के अनुसार, भारतीय वार्ताकार टीम अमेरिका से भारत लौट आई है। भारत अभी भी अपनी बात पर कायम है। उसका साफ कहना है कि कृषि, डेयरी और जीएम फसलें व्यापार वार्ता का हिस्सा नहीं होंगे। यह भी बताया गया कि व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आगे भी बातचीत की जरूरत पड़ सकती है। सूत्रों ने कहा, अब देखना होगा कि आगे क्या करना है। भारत में भी इस पर विचार चल रहा है कि कैसे आगे बढ़ा जाए।**

**(अमित शुक?ला)**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता कायम है। यह तब है जब 1 अगस्त की डेडलाइन भी करीब आ गई है। इसके बाद अमेरिका अन्य देशों से आयात पर जवाबी टैरिफ लगाने वाला है। हालांकि, भारत आशावादी बना हुआ है। उसे उम?मीद है कि बातचीत आखिरकार द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर हस्ताक्षर करने के साथ खत?म होगी। इसकी समय सीमा सितंबर-अक्टूबर 2025 तय की गई है। दरअसल, भारत ने कुछ मुद्दों पर अपनी 'लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। यानी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर वह कोई समझौता करने को तैयार नहीं है। यही डील न हो पाने का कारण है।

सूत्रों के अनुसार, भारतीय वार्ताकार टीम अमेरिका से भारत लौट आई है। भारत अभी भी अपनी बात पर कायम है। उसका साफ कहना है कि कृषि, डेयरी और जीएम फसलें व्यापार वार्ता का हिस्सा नहीं होंगे। यह भी बताया गया कि व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आगे भी बातचीत की जरूरत पड़ सकती है। सूत्रों ने कहा, अब देखना होगा कि आगे क्या करना है। भारत में भी इस पर विचार चल रहा है कि कैसे आगे बढ़ा जाए।

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर पांचवें दौर की बातचीत 14-17 जुलाई तक वाशिंगटन में हुई। भारतीय टीम का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। अमेरिका 1 अगस्त से भारत पर 26त्न का जवाबी शुल्क लगाने की तैयारी में है। इसमें सभी देशों पर लगने वाला 10त्न का बेसलाइन शुल्क भी शामिल है।



**आखिर डील क्यों नहीं हो पा रही है?**– डील न हो पाने का मुख्य कारण दोनों देशों के बीच कुछ संवेदनशील क्षेत्रों पर मतभेद और रेसिप्रोकल टैरिफ का खतरा है। भारत कृषि, डेयरी और जीएम फसलों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने घरेलू उद्योगों और करोड़ों किसानों की आजीविका की रक्षा के लिए अड़ा हुआ है। किसानों के संगठन भी सरकार पर दबाव बना रहे हैं। वे चाहते हैं कि इन क्षेत्रों को व्यापार समझौते से बाहर रखा जाए।

अमेरिका ने 1 अगस्त से भारत सहित अन्य देशों पर 26त्न का जवाबी टैरिफ लगाने की योजना बनाई है। इसमें 10त्न का बेसलाइन टैरिफ शामिल है। यह टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए टेंशन का कारण बना हुआ है। इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद महंगे हो जाएंगे। अमेरिका इस टैरिफ को एक हथियार की तरह इस?तेमाल कर रहा है ताकि भारत को रियायतें देने के लिए मजबूर किया जा सके।

**नहीं बन पाई है मुख्य मुद्दों पर सहमति**– पांचवें दौर की बातचीत के बाद भी भारत के वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में टीम को आगे की चर्चाओं की आवश्यकता महसूस हुई है। इससे पता चलता है कि मुख्य मुद्दों पर अभी भी सहमति नहीं बन पाई है।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप के तरीके को लेकर भी कुछ चिंता है। मसलन, वह सार्वजनिक रूप से बड़ी रियायतों की घोषणा कर सकते हैं, जिन पर आधिकारिक वार्ताकारों के बीच शायद सहमति बनी भी नहीं हो। इससे भारत के दीर्घकालिक हितों को नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि भारत इस पूरे मामले में बहुत फूंक-फूंककर कदम बढ़ा रहा है।

अमेरिका अभी भी भारत का टॉप एक?सपोर्ट डेस्टिनेशन बना हुआ है। दोनों देश अपने बढ़ते व्यापार संबंधों को बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन, जब तक भारत अपनी 'लक्ष्मण रेखा' पर कायम रहेगा और अमेरिका अपनी मांगों पर अड़ा रहेगा तब तक यह देखना बाकी है कि कोई समझौता कैसे हो पाएगा। फिलहाल, 1 अगस्त की डेडलाइन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। टैरिफ लागू होने से उसके निर्यात पर सीधा असर पड़ सकता है।

## वर्ग पहेली 5800

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | ■ | 9 | | | ■ | ■ |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 | 13 |
| ■ | 14 | | | 15 | ■ | 16 | |
| 17 | ■ | | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | 19 | | 20 | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 28 अगस्त 1913 को जन्मी ये भोपाल रियासत की राजकुमारी जिन्हें भारत की पहली पायलट होना का गौरव प्राप्त है (6)
6. फेसला करने वाला, न्यायकर्ता (2)
7. न्यायालय में दिया गया प्रार्थना पत्र (3)
8. जल नितल, तलछट (2)
9. अधिकार क्षेत्र, वृत्त (3)
10. निर्णीत, निश्चय किया हुआ (2)
11. स्तुति करने वाला, प्रशंसक (3)
14. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
16. पुरूष, मर्द (2)
17. गीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
18. 12 अगस्त 1987 को संसद में पास किए अधिनियम के अनुसार यह राज्य भारत संघ का 15 वां राज्य बन गया (2)
19. स्फूर्त, चटक, चुस्त, मुस्तैद (3)
21. नृत्य, संगीत-गीत के अनुसार अंगों का संचालन (2)
22. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
23. पति, खाविंद, भूर्तिभर्ता (4)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
2. इंद्र वज्र, मेघ विद्युत (3)
3. सुख देने वाला, नव मार्ग (4)
5. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
10. किनारे पर होने या रहने वाला (4)
12. वन में विचरण करने वाला या रहने वाला, बहेलिया, व्याघ्र (5)
13. धातु या मिट्टी का बना टोंटीदार लोटा जो पूजा आदि में पयुक्त होता है (3)
15. निशाना, गंतव्य स्थान (2)
19. लंबाई की एक नाम जो 12 इंच के बराबर होती है (2)
20. फायदा, मुनाफा, परिणाम प्राप्ति (2)
21. रिश्ता, संबंध (2)

### वर्ग पहेली 5799 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | ■ | ■ | का | ति | ब |
| आ | ला | प | क | ■ | मा | ल | वा |
| य | ■ | थ | ल | प | क्षी | ■ | सी |
| ना | पा | क | ■ | ल | ■ | ■ | र |
| ■ | क | र्ता | र | ■ | सो | फा | ■ |
| आ | न | ■ | सि | त | म | ग | र |
| न | ज | र | क | र | ना | ■ | फू |
| न | र | म | ■ | ना | थ | ना | ■ |

# आजादी के महानायक मंगल पांडे के विद्रोह से शुरू हुई थी स्वाधीनता की अलख

**(अनन्या मिश्रा)**

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 19 जुलाई 1827 को मंगल पांडे का जन्म हुआ था। वह ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते थे। इनके पिता का नाम दिवाकर पांडे था। वहीं महज 22 साल की उम्र में मंगल पांडे का ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में चयन हो गया।

हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। लेकिन देश की आजादी के लिए वर्षों तक लड़ाई लड़ी गई थी। बता दें कि सबसे पहले साल 1857 में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका गया था। इस चिंगारी को भड़काने का काम मंगल पांडे ने किया था। साल 1857 में मंगल पांडे ने भारत के पहले स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मंगल पांडे भारत के ऐसे वीर सपूत थे, जिनके बदौलत आजादी की लड़ाई ने रफ्तार पकड़ी थी। आज ही के दिन यानी की 19 जुलाई को मंगल पांडे का जन्म हुआ था। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर मंगल पांडे के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**– उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 19 जुलाई 1827 को मंगल पांडे का जन्म हुआ था। वह ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते थे। इनके पिता का नाम दिवाकर पांडे था। वहीं महज 22 साल की उम्र में मंगल पांडे का ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में चयन हो गया। वह बंगाल के नेटिव इंफेंट्री की 34 बटालियन में शामिल हुए थे। इस बटालियन में ब्राह्मणों की भर्ती अधिक होती थी।

**क्यों मशहूर हुए मंगल पांडे**– साल 85 के भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडेय ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपनी ही बटालियन के खिलाफ बगावत कर दी थी। दरअसल, ब्रिटिश शासन ने अपनी बटालियन को एंफील्ड राइफल दी थी। इसका निशाना अचूक था। लेकिन इस बंदूक में गोली भरने की प्रक्रिया काफी पुरानी थी। राइफल में गोली भरने के लिए कारतूस को दांतों से खोलना होता था। लेकिन मंगल पांडे ने ऐसा करने से मना कर दिया, क्योंकि ऐसी बात फैल चुकी थी कि कारतूस में सुअर और गाय के मांस का उपयोग किया जा रहा है।

अंग्रेजी हुकूमत को मंगल पांडे का विरोध पसंद नहीं आया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। इसी बगावत ने मंगल पांडे को मशहूर कर दिया और देश की आजादी की ज्वाला में घी डालने का काम किया। इसी कारण से मंगल पांडे को स्वतंत्रता सेनानी कहा गया। हालांकि 1857 का विद्रोह सिर्फ बंदूक की एक गोली के कारण शुरू हुआ था, लेकिन इसका नतीजा देश को आजादी मिलने तक जारी रहेगा, यह किसी ने भी नहीं सोचा था।

**मृत्यु**– बैरकपुर में ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला करने और उनके खिलाफ विद्रोह करने के कारण 08 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे को फांसी दी गई। मंगल पांडे को फांसी तय डेट से 10 दिन पहले दी गई, क्योंकि ब्रिटिश हुकूमत को यह डर था कि मंगल पांडे की फांसी से हालात अधिक बिगड़ सकते हैं।

# आज का राशिफल

### मेष
आज कामकाज के सिलसिले में नेतृत्व की भूमिका निभानी पड़ सकती है। लेकिन आपको किसी भी प्रकार के वाद-विवाद और बहस से दूरी बनाकर रखनी होगी, अन्यथा कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। वहीं, अगर आपके नेतृत्व की भूमिका श्रेय किसी और को मिलता है, तो आपको शांत रहना होगा। तभी आप खुद पर नियंत्रण रख पाएंगे।

### वृष
आज मामले में आपका दिन कुछ खास नहीं रहने वाला है। आप अपने संतान या भाई-बहन के जीवन के बारे में कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। व्यापार को लेकर भी आपको चिंता हो सकती है, जिसके चलते मानसिक तनाव बढ़ने की संभावना है। आपको धन-संपत्ति से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है और सेहत भी कुछ खास अच्छी नहीं रहेगी।

### मिथुन
आज धन कम होने की चिंता सता सकती है। ऐसे में अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से बचना होगा, अन्यथा भविष्य में पैसों की तंगी हो सकती है। व्यापार में आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है और किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचें। इस समय दिया हुआ धन वापस मिलने की बहुत कम संभावना है।

### कर्क
आज अपने कामकाज या कारोबार को लेकर चिंता में थे, तो अब वह दूर हो सकती है। लेकिन इसके लिए आपको हाथ में आए मौकों को खोने से बचना होगा तभी लाभ प्राप्त होगा। किसी नए व्यवसाय या प्रोजेक्ट से जुड़े रहना आपके लिए इस समय ज्यादा बेहतर होगा। ऐसा करने से आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### सिंह
आज किसी कानूनी विवाद या दूसरे प्रकार के कोर्ट कचहरी के मामले में फंसे हुए हैं, वे अब इनसे बाहर निकलने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको अपने सभी जरूरी और आवश्यक पत्रों व दस्तावेजों को संभालकर रखना होगा। व्यापार के मामले में आपको लाभ प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

### कन्या
आज अगर लंबे समय से कुछ मामले चिंता का कारण बने हुए हैं, तो उनसे थोड़ी राहत मिल सकती है। जो लोग अपनी आमदनी और आय के स्रोत को मजबूत करने के प्रयास में लगे हुए थे अब वे इस मामले में आत्मनिर्भर हो सकते हैं। ऐसे में अब आपको अपने परिवार में शादी या बच्चों के नए एडमिशन के छोटे-छोटे मामलों पर भी ध्यान देना होगा।

### तुला
आज मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए आपको कुछ मामलों में खर्च करना पड़ सकता है। व्यापार में आपको अपने आसपास के लोगों पर भी ध्यान देने की जरूरत होगी और निजी खर्च बढ़ने की भी संभावना है। परिवार के बीच किसी जरूरी विषय के बारे में बात हो सकती है। इस समय आपको विवाद या बहस से बचना होगा।

### वृश्चिक
आज किसी भी मामले में जरूरत से ज्यादा बोलने से बचना होगा। ऐसा करने से अन्य लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना कर सकते हैं। ऐसे में आवश्यकता पड़ने पर ही बोलना आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर आपको अपने काम करने के तरीके पर ध्यान देना होगा। ऐसा करने से आपको जल्द ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

### धनु
आज आपको कार्यस्थल पर किसी महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देना पड़ सकता है। इसमें आपको सफलता भी प्राप्त हो सकती है। आपको कामकाज के सिलसिले या निजी जरूरतों के लिए खुद से कमाया हुआ धन खर्च करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में कोई भी काम सोच-समझकर करना बेहतर रहेगा।

### मकर
आज आने वाले सभी दस्तावेजों और पत्रों का जवाब देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां तो बढ़ेंगी, लेकिन इसके साथ-साथ कई नए-नए ऑफर भी प्राप्त होंगे। जिनसे लाभ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी एजेन्सी या वितरण केन्द्र के लिए अपनी सहमति देने से लाभ प्राप्त हो सकता है।

### कुंभ
आज हमेशा की तरह किसी काम को पूरा करने के लिए तैयार रहने होगा। अगर आप समय पर महत्वपूर्ण कार्य को पूरी लगन और निष्ठा के साथ करते हैं, तो लाभ जरूर प्राप्त होगा। समाज के बीच आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आपको कार्यस्थल पर उन्नति के नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं।

### मीन
आज लंबे समय से परेशान थे तो अब कामकाज के मामले में आप राहत और प्रसन्नता महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में शांति स्थिति बनी रहेगी और सभी लोग अपने काम में लगे रहेंगे। आप खुद को प्रभावशाली बनाने के लिए कोई योजना बना सकते हैं या कोई फैसला भी ले सकते हैं। नए वस्त्र और जरूरी चीजों को खरीदने में भी धन खर्च हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चौंकाने वाला फैसला, मुंबई ट्रेन धमाके के आरोपियों को बरी करने को चुनौती देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में 12 आरोपियों को बॉम्बे हाई कोर्ट की ओर से बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अदालत के फैसले को चौंकाने वाला बताया और कहा कि राज्य इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगा। उन्होंने कहा, मैं पूरे आदेश को देखूंगा। मैंने वकीलों के साथ इस पर चर्चा की है और उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने फैसले के कुछ घंटों बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपील दायर करने से पहले फैसले का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करेगी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री फडणवीस व्यक्तिगत रूप से इसकी जांच करेंगे। हम गहन मूल्यांकन के बाद ही शीर्ष न्यायालय का रुख करेंगे। पूर्व सांसद किरीट सोमैया और अन्य भाजपा नेताओं ने फैसले की निंदा करते हुए इसे दर्दनाक और चौंकाने वाला बताया। उन्होंने जांच और कानूनी टीमों से जांच की कमियों को दूर करने की मांग की। फिलहाल राज्य सरकार के पास अब फैसले की कॉपी प्राप्त होने के बाद विशेष अनुमति याचिका दायर करने के लिए 90 दिन का समय है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2006 मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि अदालत के सामने जो सुबूत रखे गए, वे आरोपियों का अपराध साबित करने में अपर्याप्त हैं। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के दावे में कई बुनियादी खामियां हैं। पीठ ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। अदालत ने पाया कि इस?तेमाल हुए बम के ब?यौरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को भी स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। गवाहों के बयानों और बरामदगी का कोई साक्ष्य मूल्य नहीं माना गया।

### असम में दिग्गजों का टिकट काटने की तैयारी में भाजपा , चुनाव से पहले सीएम ने दिए संकेत

**गुवाहटी, एजेंसी।** साल 2026 में असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में कई दिग्गजों का टिकट कट सकता है। हालांकि, ये नेता कौन होंगे, यह स्पष्ट नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने साफ कर दिया है कि अगले चुनाव में पार्टी नए चेहरों को उम्मीदवार बनाएगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऐसा ऐलान किया है। खास बात है कि भाजपा राज्य में हैट्रिक की कोशिश में है। सरमा ने रविवार को मौजूदा विधायकों को दोबारा मैदान में उतारने के सवाल पर कहा, सभी विधायकों को टिकट मिलना संभव नहीं है। कुछ खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहेंगे। कुछ को हटा दिया जाएगा। फिर, परिसीमन के कारण, कुछ अपने निर्वाचन क्षेत्र खो देंगे जबकि कुछ सीटें अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की उम्मीदवार सूची में नए चेहरे होंगे, लेकिन संख्या के बारे में अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। सरमा ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर कई योजनाएं शुरू की जाएंगी, जिनकी हमने अभी तक केवल घोषणा ही की है, जिससे भाजपा की संभावनाएं 100 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। भाजपा की असम इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने बैठक के समापन के बाद रविवार को एक पोस्ट में लिखा, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष की सम्मानित उपस्थिति में दो दिवसीय भाजपा की असम इकाई की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि यह बैठक गुवाहाटी के बाहरी इलाके सोनापुर के एक रिसॉर्ट में आयोजित की गई थी। सैकिया ने कहा कि मुख्य रूप से जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें राज्य का राजनीतिक परिदृश्य, संगठनात्मक रणनीतियां और 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए प्रारूप तैयार करना शामिल था।

### महाराष्ट्र असेंबली में रमी खेलने वाले कृषि मंत्री पर अजीत पवार सख्त, ले सकते हैं ऐक्शन

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधान परिषद में मोबाइल पर रमी गेम खेलने के आरोपों से घिरे कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलाफ विवाद गहराता जा रहा है। एनसीपी नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार इस मामले पर बहुत गंभीर हैं और जल्द ही कोकाटे से बात कर कार्रवाई तय करेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने दी। सोमवार को तुलजापुर में पत्रकारों से बातचीत में तटकरे ने कहा, उपमुख्यमंत्री इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। कृषि मंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए बयान सही नहीं थे। पार्टी अध्यक्ष अजीत पवार ने पहले ही उनसे इस बारे में बात की थी। इस वीडियो के मामले में भी पवार गंभीरता से संज्ञान लेंगे और कोकाटे को तदनुसार निर्देश दिए जाएंगे।'' कोकाटे अपने उस कथित वीडियो को लेकर विवादों में घिर गए हैं, जिसमें वह विधान परिषद के सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर रमी गेम खेलते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने रविवार को स्पष्ट किया कि वह सिर्फ अपने मोबाइल में डाउनलोड हुए गेम को हटाने की कोशिश कर रहे थे। इस वीडियो को शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किया।

# जब जाटों के ओबीसी आरक्षण के लिए 10 दिन तक हाई कोर्ट में लड़े, जगदीप धनखड़ वकील भी कमाल हैं!

**जयपुर, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक अपने पद से इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया। सोमवार को वे पूरा दिन सदन की कार्यवाही में शामिल रहे, शाम होते-होते उन्होंने इस्तीफा दे दिया। जगदीप धनखड़ राजस्थान की धरती से निकला वो नाम है, जिन्होंने न सिर्फ राजनीति के क्षेत्र में अपनी धाक जमाई बल्कि कानून के मैदान में भी झंडे बुलंद किए। उन्होंने जाट समुदाय के लिए ओबीसी आरक्षण की लड़ाई को भी यादगार बना दिया। 1999 में राजस्थान हाई कोर्ट में 10 दिन तक चली इस कानूनी जंग ने धनखड़ को एक नायक के रूप में स्थापित किया। उन्होंने हाई कोर्ट में ऐसे तर्क दिए कि जाटों का ओबीसी आरक्षण बरकरार रहा।

**जाट आरक्षण की जंग का आगाज़ :** 1990 के दशक का अंत, जब जाट समुदाय राजस्थान में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर मुखर हो रहा था। 1999 में वाजपेयी सरकार ने जाटों को ओबीसी सूची में शामिल किया, लेकिन यह फैसला राजस्थान हाई कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा था। आठ रिट याचिकाओं ने इस आरक्षण को खतरे में डाल दिया था। ऐसे में जाट समाज को एक ऐसे वकील की जरूरत थी, जो न सिर्फ कानून का जानकार हो, बल्कि जुनून और जज्बे से भरा हो। यहीं पर जगदीप धनखड़ ने मोर्चा संभाला। कोर्ट में 10 दिन तक चली तर्कों की तलवार



जगदीप धनखड़ ने राजस्थान हाई कोर्ट में जाटों के पक्ष में दमदार पैरवी की। 10 दिन तक लगातार चीफ जस्टिस के सामने बैठकर उन्होंने हर याचिका का जवाब दिया। उनके तर्क इतने मजबूत थे कि विरोधी पक्ष के पास जवाब कम पड़ गए। धनखड़ ने न सिर्फ कानूनी दलीलें दीं, बल्कि जाट समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावी ढंग से पेश किया। यह लड़ाई सिर्फ कागजों की नहीं, बल्कि लाखों जाटों के भविष्य की थी। जयपुर के पास किठाना गांव में जन्मे जगदीप धनखड़ का जाट समुदाय से गहरा नाता रहा है। एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले धनखड़ अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई, जहां वे 6 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते थे। बाद में सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ और राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई ने उन्हें एक कुशल वकील बनाया। जाट समाज के लिए उनकी यह लड़ाई न सिर्फ पेशेवर थी, बल्कि व्यक्तिगत भी थी।

**जीत का ऐतिहासिक लम्हा :** धनखड़ की मेहनत रंग लाई और राजस्थान हाई कोर्ट ने जाटों के ओबीसी आरक्षण को बरकरार रखा। यह जीत न सिर्फ जाट समुदाय के लिए, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम थी। इस फैसले ने राजस्थान के जाटों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 27प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाया। धनखड़ की इस कोशिश को आज भी जाट समाज सम्मान के साथ याद करता है। जगदीप धनखड़ की प्रतिभा सिर्फ राजस्थान हाई कोर्ट तक सीमित नहीं रही। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी कई हाई-प्रोफाइल केस लड़े, जिनमें सलमान खान और शाहरुख खान जैसे सितारों के मामले शामिल हैं। उनकी कानूनी समझ और समर्पण ने उन्हें राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया।

**धनखड़ दिल में नहीं रखते कोई बात, उपराष्ट्रपति के इस्तीफे से दुखी हैं विपक्ष के यह बड़े नेता :** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने पर दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा में मतभेद होने के बाद भी हमारा व्यक्तिगत रूप से जुड़ाव अच्छा था। उन्होंने यह भी कहा कि धनखड़ कभी भी कोई बात अपने दिल में नहीं रखते थे। उन्होंने धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में सिब्बल ने कहा, मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। मुझे दुख है, क्योंकि उनके साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे थे। मैं उन्हें 30-40 सालों से जानता हूं। हम दोनों की जोड़ी अच्छी थी। हम कई मामलों में एक दूसरे के सामने खड़े नजर आए। मैंने हमेशा उनका सम्मान किया है और वह मेरा सम्मान करते थे। वह हमारे कुछ पारिवारिक समारोहों में आए थे और मुझे दुख है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ रहें। पीटीआई भाषा से बातचीत में सिब्बल ने कहा, हमें इसे स्वीकार करना होगा और आगे बढ़ना होगा। निजी तौर पर, मुझे अच्छा नहीं लगा। उनके साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। कोई बुरी भावना नहीं है। वो अपनी बात कह देते थे, दिल में बात नहीं रखते थे। हालांकि, हमारी विचारधाराएं मिलती नहीं थीं, पर वो कभी दिल में बात नहीं रखते थे। जब मैं राज्यसभा में बोलने के लिए अधिक समय चाहता था, तो वह मुझे अधिक समय देते थे। धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे पत्र में कहा, स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

## यूपी में बैंक की तिजोरी से 365 ग्राम सोना गायब, मैनेजर ने 2 कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद, एजेंसी।** यूपी के मुरादाबाद में मझोला थाना क्षेत्र में स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लोन डिपार्टमेंट




की तिजोरी से 365.53 ग्राम सोना गायब हो गया। यह सोना ग्राहकों ने लोन लेने के लिए गिरवी रखा था। बैंक के मैनेजर ने इस मामले में दो कर्मचारियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना मझोला के दिल्ली रोड पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की शाखा स्थित है। इस शाखा के गोल्ड लोन लोकेशन मैनेजर निजाम ने मझोला पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बैंक बैकिंग व्यवसाय के साथ ही गोल्ड लोन देने का काम करता है। उनकी शाखा में भी गोल्ड लोन देने की सुविधा है। यहां ग्राहक अपना सोना गिरवी रखकर लोन लेते हैं। मैनेजर निजाम के अनुसार उनकी बैंक शाखा में रखे गए गोल्ड लोन पैकेटों की आंतरिक समीक्षा के दौरान पता चला कि सात पैकेट जिसमें कुल 365.53 सोना था वह तिजोरी से गायब है। यह भी बताया कि तिजोरी के दो मुख्य संरक्षक बैंक में काम करने वाले पवन सैनी और सूरज सैनी हैं। इन दोनों को ही सोने को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दावा किया कि सूरज ने पूछताछ के दौरान शमुद्दीन साबिर नाम के ग्राहक से संबंधित सोने का पैकेट चुराने की बात स्वीकार की है। इसके अलावा शाखा के दो अन्य उपसंरक्षक निजाम और अक्षयदीप है। यह दोनों पवन और सूरज की अनुपस्थिति में तिरोजी का संचालक करते हैं। मैनेजर निजाम ने तहरीर के माध्यम से मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लोकेशन मैनेजर की तहरीर के आधार पर मझोला थाने में वहीं के कर्मचारी पवन सैनी और राहुल सैनी के खिलाफ धोखाधड़ी कर अमानत में खयानत का केस दर्ज किया गया है।

## क्या है बिल ऑफ लैडिंग, संसद ने 169 साल पुराने कानून को किया रिटायर, क्या-क्या बदलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद ने सोमवार को भारत के समुद्री व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'बिल ऑफ लैडिंग 2025' बिल को राज्यसभा में पास कर दिया है। यह बिल अब राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। यह 1856 में बना 169 साल पुराना औपनिवेशिक 'इंडियन बिल ऑफ लैडिंग एक्ट' बदलकर एक आधुनिक, सरल और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कानून पेश करेगा। बिल ऑफ लैडिंग एक ऐसा दस्तावेज है, जो शिपिंग कंपनी द्वारा शिपर को दिया जाता है और यह माल के होने, उसके स्वामित्व तथा गंतव्य की जानकारी देता है। यह दस्तावेज समुद्री व्यापार में माल की आपूर्ति, रखरखाव और स्वामित्व के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। पुराने कानून में शब्दावली जटिल एवं अस्पष्ट थी, जिससे व्यापार में विवाद और कानूनी जटिलताएं बढ़ती थीं। भारत के समुद्री व्यापार के विस्तार व वैश्विक व्यापारिक परिवेश के अनुरूप इसे अपडेट करना आवश्यक था। समुद्री व्यापार के नियम अब साफ-सुथरे और सरल होंगे, जिससे सभी पक्षों के अधिकार और ज़िम्मेदारियां स्पष्ट हो जाएंगी। सरकार को नए नियम लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने का अधिकार मिलेगा।

# नूंह में भाईचारे की नई मिसाल, मुफ्त एक्यूप्रेशर थैरेपी से कांवड़ियों की थकान दूर कर रहे यामीन खान

**नूंह, एजेंसी।** दो साल पहले सावन माह में हुई हिंसा के बाद सुर्खियों में आए हरियाणा के नूंह में सदियों पुराने भाईचारा कायम करने वालों की कमी नहीं है। पिछले सोमवार ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोग अब कांवड़ियों की खिदमत में जुट गए हैं। इनमें एक्यूप्रेशर थैरेपी में माहिर यामीन खान का नाम खासा चर्चा में है, जो नूंह की अनाज मंडी में कैंप लगाकर कांवड़ियों की सेवा कर हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे की शानदार मिसाल पेश कर रहे हैं।

**स्वास्थ्य विभाग में 23 साल सेवा दे चुके हैं यामीन :** 63 साल के यामीन खान नूंह के झिमरावट गांव के रहने वाले हैं। वे एक्यूप्रेशर थैरेपी में माहिर हैं और करीब 23 साल तक स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे चुके हैं। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने समाज सेवा का रास्ता चुना और बीते लगभग 26 वर्षों से अनाज मंडी नूंह में लगने वाले कांवड़ कैंप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह अपने हुनर से कांवड़ यात्रियों की थकान को चुटकियों में गायब कर देते हैं। बिना कोई पैसे लिए वे दिन-रात पैदल चलकर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहते हैं। उनके हाथों में ऐसा जादू है, जो थके हुए कांवड़ियों में नई ऊर्जा से भर देता है।

**कांवड़ियों का खूब मिल रहा प्यार :** कांवड़ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालु यामीन खान की सेवा को बेहद सराहनीय बताते हैं। उनका कहना है कि जब वे लंबे सफर के बाद थककर आते हैं, तो यामीन



खान की तकनीक से कुछ ही मिनटों में शरीर पूरी तरह तरोताजा हो जाता है। यामीन खान की अंगुलियों का स्पर्श जैसे थकान को खींच लेता है। युवा हो या बुजुर्ग सभी उनकी सेवा से संतुष्ट दिखाई देते हैं। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि उन्हें इस सेवा से नई ऊर्जा मिलती है, जिससे वे आगे की यात्रा बड़े आराम से पूरी कर लेते हैं। उनके सेवा भाव ने श्रद्धालुओं के दिलों में खास जगह बना ली है। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के जिला अध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि मेवात में सदियों से भाईचारा है। यामीन खान उसी को आगे बढ़ा रहे हैं। ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा में भी लोगों ने यात्रियों का फूल बरसाकर स्वागत किया था।

**हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल :** यामीन खान सिर्फ एक सेवा करने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे सांप्रदायिक सौहार्द की जिंदा मिसाल हैं। एक मुस्लिम होकर वे हिंदू श्रद्धालुओं की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, जो नूंह की गंगा-जमुनी तहजीब को दर्शाता है। उनका कहना है कि कांवड़ यात्री धर्म की दीवारें भूलकर उन्हें सम्मान देते हैं। यह दृश्य बताता है कि नूंह जैसे जिले में, जहां कभी-कभी तनाव की खबरें आती हैं, वहां भाईचारे की जड़ें आज भी गहरी हैं। यामीन खान का यह सेवाभाव समाज को जोड़ने का काम कर रहा है और दिलों को करीब ला रहा है।

# जयपुर के श्याम नगर में 20 करोड़ की फिरौती के लिए ज्वेलरी कारोबारी का किडनैप

**जयपुर, एजेंसी।** राजधानी जयपुर में ज्वेलरी कारोबारी के अपहरण की सनसनीखेज वारदात का खुलासा हुआ है। इस हाई-प्रोफाइल केस में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पता चला कि कारोबारी का अपहरण उसके ही दो नजदीकी दोस्तों ने मिलकर किया था। दोस्तों ने कारोबारी को अगवा कर 20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। जयपुर पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

**बर्थडे पार्टी से लौटते वक्त रची गई अपहरण की स्क्रिप्ट :** श्याम नगर थाना इलाके में रहने वाले ज्वेलरी कारोबारी अनिकेत सोनी ने 18 जुलाई की रात अपने दोस्त आयुष शर्मा की बर्थडे पार्टी में शिरकत की थी। देर रात करीब 2 बजे जब वह पार्टी से लौट रहा था, तो उसका दोस्त नदीम कुरैशी उससे साहिल खान को रास्ते में छोड़ने की बात कहता है। अनिकेत जब साहिल को लेकर अजमेर रोड स्थित शिवज्ञान हाइट्स के पास पहुंचा, तो साहिल ने टॉयलेट जाने



का बहाना बनाया और कार रुकवा दी। यहीं से शुरू होती है साजिश की असली कहानी। कार रुकते ही चार नकाबपोश बदमाशों ने अनिकेत पर हमला बोल दिया। उसे कार से खींचकर मारपीट की गई और उसकी सोने की चेन, कड़ा, रुद्राक्ष की माला और पर्स भी लूट लिया गया। फिर अनिकेत और साहिल दोनों को गाड़ी में पीछे डालकर बदमाश दौलतपुरा टोल प्लाजा की तरफ भाग निकले। रास्ते में पिस्तौल की नोक पर अनिकेत से 20 करोड़ की फिरौती मांगी गई। साहिल के मोबाइल से नदीम को कॉल कराया गया और धमकी दी गई कि अगर रकम नहीं मिली तो दोबारा अगवा कर रकम वसूली जाएगी। पुलिस को जांच के दौरान साहिल की भूमिका पर संदेह हुआ, क्योंकि वारदात के दौरान न तो वह घायल हुआ और न ही उस पर कोई हमला हुआ था। इसके अलावा साहिल और नदीम के बीच लगातार संपर्क भी पुलिस के लिए संदेह का कारण बना। जब पुलिस ने दोनों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने पूरी साजिश कबूल कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में झोटवाड़ा निवासी साहिल खान (24) और नदीम कुरैशी (27) शामिल हैं। दोनों ने बताया कि कपड़ों के व्यापार में भारी घाटा होने के चलते वे कर्ज में डूब गए थे और इसी वजह से उन्होंने फिरौती की योजना बनाई। एडिशनल डीसीपी साउथ ललित किशोर शर्मा ने बताया कि फिलहाल दोनों मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि चार नकाबपोश बदमाश कौन थे और उनके साथ किसका संबंध था। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# यूपी के इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 40 छात्र हुए बीमार, ऐक्शन में आया फूड सेफ्टी विभाग

**गोरखपुर, एजेंसी।** यूपी के गोरखपुर स्थित बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 40 छात्र अचानक बीमार पड़ गए। इसके पीछे फूड प्वाइजनिंग की वजह सामने आई। पता चला कि शुक्रवार की रात हॉस्टल के मेस में मशरूम की सब्जी बनी थी। उसे खाने के बाद से ही छात्रों की तबीयत खराब होने लगी। तड़के 3 बजे के करीब कुछ छात्रों को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद उनके साथी उन्हें इमरजेंसी वार्ड में ले गए। इसके बाद अन्य छात्र भी बीमार पड़ने लगे। तीन दिन में 40 छात्र फूड पॉइजनिंग की चपेट में आकर बीमार हुए हैं। इनमें से 10 को भर्ती करना पड़ा। इस सूचना के बाद हड़कंप मच गया। रविवार की रात सूचना मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.रामकुमार जायसवाल हरकत में आए। उन्होंने फौरन दो शिक्षकों को आवास पर तलब किया। उनके साथ वह न्यू यूजी हॉस्टल पहुंचे। प्रिंसिपल ने छात्रों का हाल जाना। मेस का निरीक्षण कर पिछले तीन दिन में बने खाद्य पदार्थ की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मेडिसिन के डॉक्टरों की टीम तैयार की। यह हॉस्टल में ही छात्रों का प्राथमिक इलाज करेगी। इसके बाद प्राचार्य ने वार्ड में भर्ती छात्रों का भी हाल जाना। वहां पर डॉक्टरों से बात की। एमबीबीएस छात्रों के बीमार पड़ने को लेकर सोमवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की



टीम भी एक्टिव हो गई। ऐक्शन में आए विभाग के तीन फूड इंस्पेक्टरों की टीम बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंची। तीन हॉस्टलों की जांच की गई। इसमें पांच खाद्य पदार्थों के पांच नमूने लिए गए। इस दौरान टीम को हॉस्टल के मेस में बड़े पैमाने पर गंदगी मिली। टीम ने उन दुकानों से पनीर और मशरूम के भी नमूने लिए, जहां से हॉस्टलों को सप्लाई होती है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज के न्यू यूजी हॉस्टल में फूड प्वाइजनिंग का मामला सोमवार को सामने आने के बाद सहायक आयुक्त खाद्य सुधीर कुमार सिंह ने तीन फूड इंस्पेक्टर को मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के मेस की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

# मंडी ज़िले में 1000 करोड़ का नुकसान, राहत नहीं जख्म दे रही सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में 30 जून की रात आई भीषण मानसूनी आपदा के बाद मंडी ज़िले के सिराज विधानसभा क्षेत्र में हालात अब भी खराब बने हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सोमवार को शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सिराज क्षेत्र में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ, लेकिन प्रदेश सरकार संवेदनहीन रवैया अपनाए हुए है और अब तक कोई ठोस राहत कार्य नहीं कर पाई। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी जिले के साथ-साथ सराज, करसोग, नाचन और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रों में भी भारी बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में 30 सालों में हुआ विकास कुछ ही दिनों में मलबे में बदल गया। उन्होंने आगे कहा, तबाही इतनी ज्यादा है कि आर्थिक मूल्यांकन में ही समय लगेगा। अब हमें एकजुट होकर काम करने की जरूरत है, न कि एक-दूसरे पर दोषारोपण करने की।

जयराम ठाकुर ने कहा कि बीस दिन बीत जाने के बावजूद भी सिराज के कई गांवों में लोग अस्थाई आश्रयों में रह रहे हैं। 42 पंचायतों के 30 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़कें अब तक बहाल नहीं हो पाईं, सेब की फसल खेतों में खड़ी है, लेकिन सड़कों के बंद होने के कारण बाजार तक पहुंचना



असंभव हो गया है। अकेले जल शक्ति विभाग की 260 में से 240 पेयजल योजनाएं ठप्प हैं। सिराज का शरण गांव पूरी तरह से खत्म हो गया, बगस्याड और सुराह जैसे गांवों में पहुंचना भी मुश्किल है। थुनाग में 200 दुकानें ध्वस्त हो गई हैं, जबकि 500 मकान पूरी तरह और 700 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि त्रासदी के बहाने सरकार मंडी से संस्थानों को शिफ्ट करने की साजिश कर रही है। हाल ही में मुझे पंचायती राज मंत्री का फोन आया और उन्होंने मंडी स्थित पंचायती राज इंस्टीट्यूट को अन्यत्र शिफ्ट करने की बात कही, जबकि इस भवन को आपदा में कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इसी तरह हमारी सरकार द्वारा स्वीकृत हॉर्टिकल्चर कॉलेज, जिसके लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, उसकी राशि भी मुख्यमंत्री ने वापस मंगवा ली। अगर यह कॉलेज बन गया होता तो आज वहां सैकड़ों लोगों को शरण मिल सकती थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री 9 दिन बाद त्रासदी क्षेत्र में पहुंचे और केवल एक करोड़ रुपये की राहत राशि की घोषणा करके लौट आए जबकि असली नुकसान 500 करोड़ रुपये से भी अधिक का है। मुख्यमंत्री बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन स्पेशल पैकेज की अधिसूचना अब तक जारी नहीं की। एक घर क्षतिग्रस्त होने पर सात लाख रुपये की राहत का प्रावधान है, जिसमें से चार लाख प्रदेश और तीन लाख केंद्र देता है, लेकिन वह भी अभी तक नहीं मिला। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने फौरी राहत के नाम पर केवल 2500 रुपये दिए। जबकि समाजसेवी संस्थाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अब तक सात करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है। यह वक्त राजनीति का नहीं है। सरकार को तुरंत भूमि चिह्नित कर आपदा प्रभावितों के लिए कम्युनिटी सेंटर, शौचालय और किचन जैसी सुविधाएं बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत और पुनर्वास कार्य धीमी गति से हो रहे हैं। 'सरकार कितनी जेसीबी मशीनें राहत कार्य में लगी हैं, बस उनकी गिनती करने में व्यस्त है।

# विराट कोहली ने की इंग्लैंड के खिलाड़ी की मदद, दोहरा शतक ठोका, बनाए 848 रन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के क्रिकेटर हसीब हमीद इस वक्त कमाल की फॉर्म में हैं. इस खिलाड़ी ने काउंटी चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन किया है. नॉटिंघमशर के कप्तान ने अब खुलासा किया है कि उनकी बैटिंग में तो दम दिखाई दे रहा है उसका श्रेय विराट कोहली को भी जाता है. हसीब हमीद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि विराट कोहली ने उनकी काफी मदद की है. बल्लेबाजी को लेकर उनका जो भी सवाल था उसका उन्हें विराट से जवाब मिला. हसीब हमीद ने बताया कि खुद विराट कोहली ने उन्हें अपना फोन नंबर देकर कहा कि जब जरूरत हो फोन कर लेना.

### विराट ने की हमीद की मदद

विराट कोहली ने कैसे और क्यों हसीब हमीद की मदद की इसपर इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने कहा, 'विराट कोहली हमेशा से ही काफी मददगार रहे हैं. जब भी मुझे बल्लेबाजी को लेकर कुछ पूछना होता था तो उन्होंने मेरी मदद की. मैं उनका काफी सम्मान करता हूं. उन्होंने मुश्किल वक्त पर मेरी मदद की है.' हमीद ने कहा कि साल 2016 में हुए राजकोट टेस्ट के बाद खुद विराट कोहली ने उन्हें अपना नंबर देकर मदद की पेशकश की जो कि उनके बड़प्पन को दिखाता है.

### हसीब हमीद 3 सालों से इंग्लैंड की टीम से बाहर

हसीब हमीद ने साल 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था और वो 2022 के बाद से इंग्लैंड की टीम से बाहर हैं. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 10 मैचों में 439 रन बनाए, उनके बल्ले से 4 अर्धशतक निकले. हमीद का औसत सिर्फ 24.38 का रहा और इसीलिए उन्हें इंग्लिश टीम से हटा दिया गया. लेकिन यहां बड़ी बात ये है कि जब वो इंग्लैंड की टीम में आए थे उस वक्त उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी. अब ये खिलाड़ी 28 साल का है और उनकी बल्लेबाजी में मैच्योरिटी आ चुकी है.इसका सबूत उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में भी दिया है. काउंटी चैंपियनशिप 2025 डिविजन वन में हसीब हमीद नॉटिंघमशर की कप्तानी कर रहे हैं और उन्होंने 70.66 की औसत से 848 रन ठोक दिए हैं. हमीद के बल्ले से एक दोहरा शतक और एक शतक निकला है जिसमें 121 चौके शामिल हैं. साफ है हमीद इस वक्त प्राइम फॉर्म में हैं और उन्हें इंग्लैंड की टीम में वापसी का इंतजार है.

# बूम बूम बुमराह का फिर चलेगा मैजिक...

## मैनचेस्टर टेस्ट में बना सकते हैं 2 धाकड़ रिकॉर्ड, पीछे छूटेंगे वसीम अकरम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार (23 जुलाई) से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट मुकाबला खेला जाना है. इस मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के भी खेलने की संभावना है. बुमराह ने लीड्स और लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबलों में हिस्सा लिया था, जबकि बर्मिंघम टेस्ट मैच से वो बाहर रहे थे. टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया था कि बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इंग्लैंड दौरे पर केवल तीन टेस्ट मैच खेलेंगे. ऐसे में बुमराह इस दौरे पर शायद अपना आखिरी मैच खेलते नजर आ सकते हैं. मोहम्मद सिराज ने सोमवार को मैनचेस्टर में कहा, अभी तक हम केवल इतना जानते हैं कि जस्सी (बुमराह) भाई खेलेंगे. उनसे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के बारे में पूछा गया था, क्योंकि आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चोटिल हैं. जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट मैच में दो बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर सकते हैं. बुमराह के पास इंग्लैंड में सबसे ज्याद टेस्ट विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बनने का है. बुमराह ने इंग्लैंड में अब तक 11 टेस्ट मैचों में 49 विकेट लिए हैं. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम फिलहाल इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई



बॉलर हैं. अकरम ने इंग्लैंड में 14 टेस्ट मैच खेलकर 53 विकेट लिए थे. यानी बुमराह को अकरम का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए सिर्फ 5 विकेट और चाहिए.

पहले ये अनुमान लगाया जा रहा था कि जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले टेस्ट मैच से रेस्ट लेंगे, जबकि ओवल टेस्ट मैच में वो खेलेंगे. लेकिन आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के इंजर्ड होने के चलते बुमराह को अब शायद आराम नहीं मिलेगा. अर्शदीप बाएं हाथ के अंगूठे में लगी चोट के कारण चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं. वहीं आकाश दीप का खेलना काफी मुश्किल है, जो ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे हैं.

### सेना कंट्रीज में सर्वाधिक पांच विकेट वॉल (एशियाई गेंदबाज)

जसप्रीत बुमराह (भारत)- 33 टेस्ट, 157 विकेट, 11 बार 5 विकेट हॉल

वसीम अकरम (पाकिस्तान)- 32 टेस्ट, 146 विकेट, 11 बार 5 विकेट हॉल

मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका)- 23 टेस्ट, 125 विकेट, 10 बार 5 विकेट हॉल

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह दो बार पारी में पांच विकेट हॉल ले चुके हैं. ये पांच विकेट हॉल उन्होंने लीड्स और लॉर्ड्स टेस्ट मैच में लिए थे. अब बुमराह का मैजिक मैनचेस्टर टेस्ट मैच में भी देखने को मिल सकता है. फिलहाल टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-2 से आगे है. ऐसे मैनचेस्टर टेस्ट जीतकर भारतीय टीम के पास सीरीज को 2-2 से बराबरी करने का मौका है. हालांकि इसके लिए शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा.

### वसीम अकरम का ये रिकॉर्ड भी तोड़ेंगे बुमराह?

जसप्रीत बुमराह के पास वसीम अकरम को एक और मामले में पछाड़ने का मौका है. दरअसल बुमराह अब तक सेना (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) कंट्रीज में 11 बार टेस्ट पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं. अकरम के नाम भी सेना कंट्रीज में इतने ही पांच विकेट हॉल हैं. फिलहाल बुमराह और अकरम सेना कंट्रीज में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट हॉल लेने वाले एशियाई गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से टॉप पर हैं. अगर बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट में 5 विकेट हॉल ले लेते हैं, तो वो सेना कंट्रीज में सबसे ज्यादा बार टेस्ट पारी में पांच विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाजों में अकेले टॉप पर काबिज हो जाएंगे.

# युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर एमएस धोनी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भारत में युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर चिंता जाहिर की है। रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। 44 साल के धोनी का फिटनेस पर काफी जोर रहा है और वह अभी भी मैदान पर फिट नजर आते हैं।

धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं। धोनी इस उम्र में भी विकेट के पीछे काफी तेज रहते हैं और बल्लेबाज को चकमा देने का मौका नहीं छोड़ते हैं। धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। हालांकि धोनी अपनी अनुशासित दिनचर्या के साथ उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने भारतीयों, विशेषकर बच्चों में फिटनेस के स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन म्ब्यूमो के साथ 5 साल का अनुबंध किया



**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 88 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है।

कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था। म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैंने अपने सपनों के क्लब के में शामिल होने का फैसला किया। मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था। उन्होंने आगे कहा, मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है।

हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। म्ब्यूमो गुरुवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है। ब्रायन म्ब्यूमो ने ब्रेंटफोर्ड के लिए 242 मुकाबलों में 70 गोल करने के साथ 51 असिस्ट दिए। इनमें से 20 गोल पिछले सीजन में आए।

पिछले सीजन में 25 वर्षीय म्ब्यूमो ने प्रीमियर लीग में 20 गोल दागे, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड था। इसके साथ ही उन्होंने 8 असिस्ट भी दिए। ब्रेंटफोर्ड के शीर्ष लीग में प्रमोशन के बाद से, म्ब्यूमो ने प्रति सीजन औसतन 18 गोल किए, जो एक बेहद प्रभावशाली रिकॉर्ड है।

# शतरंज विश्व कप 2025 की मेजबानी भारत को मिलना गौरव का पल : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भारत को मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत को फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए इसे गौरव का पल बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए अत्यंत गौरव की बात है।



यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की शतरंज यात्रा में एक नई ऊंचाई का प्रतीक है और वैश्विक शतरंज की बिसात पर हमारे बढ़ते कद को दर्शाता है। इससे पहले फिडे ने भारत की मेजबानी की घोषणा की। वहीं, मेजबान शहरों की घोषणा बाद में की जाएगी। 2025 विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे, जो विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए दावेदार का निर्धारण करेगा। फिडे ने एक बयान में कहा, प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप इस साल भारत आ रहा है।

30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के प्रतिष्ठित खिताब और क्वालिफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेजबान शहर की घोषणा सहित अन्य विवरण समय आने पर जारी किए जाएंगे। भारत ने हाल ही में कई बड़े आयोजनों की मेजबानी की है, जिनमें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2022, टाटा स्टील शतरंज इंडिया, फिडे विश्व जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप 2024 और फिडे महिला ग्रां प्री का पांचवां चरण (अप्रैल 2025) शामिल हैं।

फिडे के सीईओ एमिक सुतोव्स्की ने कहा, हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में लाकर रोमांचित हैं, एक ऐसा देश जहां शतरंज के प्रति गहरा जुनून और समर्थन है। भारतीय शतरंज प्रशंसकों का उत्साह हमेशा उल्लेखनीय रहा है और हमें उम्मीद है कि स्थानीय शतरंज प्रेमियों में, ऑन-साइट और ऑनलाइन, इस आयोजन में गहरी रुचि होगी।

अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, फिडे टूर्नामेंट के प्रतिभागियों और शतरंज के दिग्गजों को शामिल करते हुए कई अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वीनस विलियम्स ने 16 महीने के अंतराल के बाद जीता पहला पेशेवर मैच

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद अपना पहला पेशेवर टेनिस मैच जीत लिया है। विलियम्स ने हैली बैप्टिस्ट के साथ जोड़ी बनाते हुए डीसी ओपन के पहले दौर में डबल्स वाइल्ड कार्ड जोड़ी यूजिनी बूचार्ड और क्लरवी नगुनुए को शिकस्त दी। यह एक बड़ा उलटफेर था। 3-1 से पिछड़ने और ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बाद, वीनस और बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए आखिरी 12 में से 11 गेम जीते। साल 2022 में पहले दौर में हार के बाद, यह डीसी टूर्नामेंट में वीनस की दूसरी उपस्थिति है।



45 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर-1 वीनस विलियम्स ने इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। उन्होंने मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। उनकी पिछली जीत अगस्त 2023 में सिनसिनाटी ओपन में आई थी। वीनस ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, कोर्ट पर वापसी प्रेरणादायक थी। मुझे अब भी यह खेल बेहद पसंद है। मैं अब भी दमदार शॉट्स लगा रही हूं। मुझे पहले ही प्वाइंट से लग गया था कि हम एक अच्छी टीम हैं। हमें वर्षों पहले ही यह जोड़ी बना लेनी चाहिए थी।

वर्तमान में वीनस की कोई आधिकारिक रैंकिंग नहीं है। उन्होंने अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ मिलकर महिला डबल्स में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। विलियम्स बहनों ने कई वर्षों तक टेनिस की दुनिया पर दबदबा बनाए रखा है। मंगलवार को वीनस सिंगल्स प्रतियोगिता के पहले दौर में एक और अमेरिकी खिलाड़ी, पेटन स्टर्न्स का सामना करेंगी। इस मुकाबले में वाइल्ड कार्ड एंट्री के साथ कोर्ट पर उतरते ही वीनस डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगी। इससे पहले 46 वर्ष की उम्र में किमिको डेटे ने सात साल पहले टोक्यो में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, पुरुष एकल में ब्रिटेन के डैन इवांस और कैमरन नॉरी वाशिंगटन में दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। साल 2023 में वाशिंगटन का खिताब जीतने वाले इवांस ने जिजो बर्ग्स के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-3 से कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। 35 वर्षीय वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन से होगा। इस बीच, कैमरून नोरी ने ब्रिटिश क्वालीफायर बिली हैरिस को 6-3, 7-6 (7-4) से हराया और दूसरे दौर में उनका सामना फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट और दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।

# सोलन की निधि ठाकुर ने 800 मीटर दौड़ व सिरमौर की दीक्षिता ने किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलन जिले की निधि ठाकुर ने बिहार के पटना में राष्ट्रीय स्तर की ओपन एथलेटिक्स मीट में गोल्ड मेडल हासिल किया है। निधि ने 800 मीटर की दौड़ में सफलता हासिल की। बीते एक वर्ष से निधि ऊना में खेल विभाग के कोच राकेश चौधरी के पास प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। ऊना कॉलेज में एमए अंग्रेजी की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। निधि इससे पहले बिलासपुर में भी राकेश चौधरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं थी। उनका तबादला यहां होने के बाद से वह अपने उम्दा प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाई। आखिरकार बीते वर्ष निधि यहां ऊना आकर फिर से कोच राकेश से प्रशिक्षण पाकर कड़ी मेहनत में जुट गई। अब राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। निधि सोलन के अर्को तहसील के गांव खनोल की रहने वाली हैं, उनके पिता जतिंदर ठाकुर पेशे से चालक हैं माता सुनीता ठाकुर हैं।



वहीं छत्तीसगढ़ में हुई राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दीक्षिता चौहान ने गोल्ड मेडल जीता है। उनका चयन आबूधाबी में नवंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। मूल रूप से टिक्कर डिसवानी निवासी दीक्षिता चौहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

### वूमेंस चेस कप:

# टाईब्रेकर में जीत से दिव्या शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में, हमवतन हरिका को दी मात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

उन्होंने टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया। 19 साल की दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। दिव्या से पहले 37 वर्षीय कोनेरू हंपी भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। दिव्या की सेमीफाइनल में चीन की तान जोंगयी से और हंपी



की चीन की ही ली टिंग जी से टक्कर होगी।

**शीर्ष तीन को मिलेगा कैंडिडेट्स का टिकट**

यह पहली बार है जब दो भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। हंपी और दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का बेहतरीन मौका है। शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलना है।

### केनेडियन ओपन:

# सिनर और जोकोविच के बाद कार्लोस अल्कारेज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे

**टोरंटो, एजेंसी।** अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन की तैयारियों से पहले इस एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अल्कारेज के नहीं खेलने से इसकी चमक फीकी पड़ गई है। अल्कारेज पहले ऐसे खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के



खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था।

पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे और इस तरह से ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूक गए थे।

### यूएस ओपन:

# ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने यूएस ओपन से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी। ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन से नाम वापस ले लिया है। झेंग कोहली की चोट से जूझ रही हैं जिस कारण वह इस टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। यूएस ओपन 24 अगस्त से शुरू होगा। चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है। दुनिया में छठी



रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी। यूएस ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है।

# ग्राम पंचायत मनकी में व्यापक फर्जीवाड़ा

## पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्यों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर किया भारी भ्रष्टाचार

**बहू सरपंच ससुर बने सप्लायर**

**ग्राम अमझिरिया में सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखो का भुगतान**

**काम होने के बाद किया गया स्वीकृत**



**पन्ना।** जिले की ग्राम पंचायत में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है जिसका मुख्य कारण है जनपद तथा जिला पंचायत के अधिकारियों का संरक्षण मिलना अनेक ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव उप यंत्री मिलकर बड़ा खेल कर रहे हैं सरपंचों द्वारा अपने ही परजनों के बिल वाउचर लगाकर फर्जी वेंडर बनाकर राशि आहरित की जा रही है इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मनकी का सामने आया है ग्राम पंचायत मनकी के ग्राम अमझिरिया गोंड खनिज विकास से 20 लख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी उक्त राशि से अमझीरिया तालाब का साउंड्रीकरण किया गया जोकर पहले ही ट्रैक्टर तथा जेसीबी मशीन से मिट्टी डालकर पूरा कर दिया गया इसकी स्वीकृति दो महीना बाद हुई तथा उक्त कर मुश्किल से 5 लाख से अधिक का नहीं है जबकि उक्त कर गोंड खनिज मद से 19लाख सत्तर हजार स्वीकृत किया गया एवं सप्लायर रमेश सिंह के नाम से ट्रांसपोर्टिंग बिल लगाकर भुगतान किया गया ग्राम पंचायत मानकी में पदस्थ सरपंच अंजू यादव है उन्हीं के ससुर रमेश सिंह यादव सप्लायर बने हुए हैं ग्राम पंचायत मनकी तथा ग्राम पंचायत जानवर में जो भी निर्माण कार्य होते हैं उसमें सप्लायर रमेश सिंह के बिल वाउचर वेंडर के रूप में लगाए जाते हैं जानवर में रमेश सिंह के पुत्र सूर्य प्रताप सिंह सचिव हैं तथा ग्राम पंचायत मनकी में रमेश सिंह की बहू अंजू यादव सरपंच है समस्त निर्माण कार्यों में देखा जाए तो रमेश सिंह के फर्जी बिल करोड़ों के लगे हुए हैं स्थानीय लोगों ने लगाए गए फर्जी बिलों की जांच करा कर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## जिले की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षण व्यवस्था की स्थिति बहुत ही खराब है जिसका मुख्य कारण है शासकीय स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक नहीं है तथा शहरी क्षेत्र में शासकीय विद्यालय में शिक्षक अधिक लेकिन विद्यार्थी नहीं है शिक्षा व्यवस्था के नाम पर शिक्षा विभाग को करोड़ों रुपए का बजट शान द्वारा प्राप्त होता है लेकिन उक्त बजट का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा है सिर्फ कागजों में चल रहा है शासकीय विद्यालयों की स्थिति अच्छी न होने का फायदा निजी विद्यालय उठा रहे हैं जबकि वह किसी भी प्रकार के शासन के मापदंड को पूरा नहीं कर रहे उक्त मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक सोनू रजक ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में जिले की शिक्षा व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की है सोनू ने आगे बताया है कि निजी विद्यालय बिना लाइब्रेरी बिना खेल मैदान बिना अन्य सुविधाओं के संचालित हो रहे हैं उन्हें विभाग द्वारा कमीशन लेकर मान्यता भी दे दी जाती है सोनू ने जांच करा कर कार्रवाई की मांग की।

# ग्राम पंचायत राजापुर में गौशाला संचालन को लेकर सरपंच ने कलेक्टर को दिया आवेदन

**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर के सरपंच बेटू लाल चौधरी राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते भारी परेशान हैं अनेक कार्यों से उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परेशान किया जाता है ग्राम पंचायत राजपुर में सरस्वती 100 सहायता समूह के नाम से गौशाला का संचालन किया जाता था लेकिन उक्त संचालक द्वारा मनमाने ढंग से गो साला का संचालन किया तथा विगत दो वर्षों से बिना अनुबंध के गौशाला संचालक की जा रही है थी गायों को भूसा पानी कुछ नहीं दिया जा रहा था जिसकी शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा पत्र क्रमांक 2009 दिनांक 11 6 2025 को पत्र जारी किया गया कि ग्राम पंचायत अनुबंध करके गौशाला का संचालन करें उसके बाद दिनांक 16.06.2025 को फिर से अनुविभागीयअधिकारी द्वारापत्र क्रमांक 2115 जारी करते हुए सरस्वती स्व सहायता समूह को अनुबंध करने का पत्र जारी किया इस प्रकार ग्राम पंचायत सरपंच को परेशान किया जा रहा है सरपंच ने मामले की विधिवत जांच कर कार्यवाही की मांग जिला कलेक्टर से की है इनका कहना है ।। ।सरपंच को पत्र जारी किया गया था लेकिन उनके द्वारा उसे समय पत्र का जवाब नहीं दिया और ना ही संपर्क किया इसलिए समूह संचालक को फिर से गौशाला संचालन करने के लिए पत्र दिया गया है संजय नागवंशी अनुभाग अधिकारी पन्ना।

## प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर किया गया वृक्षारोपण

**पन्ना।** एक पेड़ मां के नाम का संकल्प लेकर श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर परिसर में11 पेड़ लगाए गए उक्त वृक्षारोपण ,श्री प्राणनाथ सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन नगर विकास प्रस्फुटन समिति ,के द्वारा लगाया गया जिसमें जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सुश्री अनीता जाटव, लक्ष्मीकांत शर्मा , योगेंद्र भदौरिया बालकृष्ण शर्मा के साथ समिति के सभी सदस्यों ने लगवाए इसमें मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष विनय शर्मा,उपाध्यक्ष शुभम शर्मा, कोषाध्यक्ष अमन शर्म, अनुदीप शर्मा,प्राणनेश( लालू शर्मा) ,उत्कर्ष पांडे, सत्यम शर्मा, प्रेम शर्मा, नवरंग दुबे, विक्रम शर्मा (पोटे) ,रोहित शर्मा, नमन त्रिपाठी, अरमान,आकाश कुशवाहा कई लोग शामिल थे।

# पवई विधानसभा की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस नेता ने किया दंडवत प्रदर्शन

## भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता रहे शामिल



**पन्ना।** जिले भर में अराजक स्थिति। बनी हुई है वर्तमान समय में जो जिम्मेदार अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि हैं उनको आम जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है सिर्फ अपने काम करने तक वह सीमित है जिसका फायदा अधिकारी कर्मचारी उठा रहे हैं तथा व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है सबसे बुरी स्थिति पवई विधानसभा की है क्योंकि विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है क्षेत्र में सड़क बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य की स्थिति बहुत ही खराब है जिसको लेकर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव तथा जिला पंचायत सदस्य रहे अनिल तिवारी द्वारा सात दिवसीय दंडवत प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है जो कीचड़ में से गांव वहां तक दंडवत लगाते हैं तथा शासन और सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा ब्लॉक अध्यक्ष पवई माखन पटेल ब्लॉक अध्यक्ष शाहनगर शालिग्राम गौतम पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजबहादुर पटेल भूपेंद्र बुंदेला केदार लखेरा बृजपाल लोधी बरखेड़ा सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सतना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार वस्तु अधिनियम 1955 के तहत उर्वरक को आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है। उर्वरकों के डायवर्जन, जमाखोरी, कालाबाजारी, तस्करी, अधिक मूल्य पर विक्रय एवं नकली ब्रिकी को रोकने हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग आशीष पाण्डेय ने सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार सहायक सांख्यिकी अधिकारी आरपी प्रजापति एवं कम्प्यूटर आपरेटर नीरज सिंह परिहार की नियुक्त कन्ट्रोल रूम में की गई है।

# सर्पदंश से जन सामान्य के बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

**पन्ना।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जन जागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और स्नेक कैचर्स की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

जन जागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाड़ियो को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिन्हित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है। जिले की जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़ फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा गोल्डन आवर यानि जीवन रक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दें।

## जल जनित बीमारी की रोकथाम और बचाव हेतु किया जा रहा दवा का छिड़काव

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर नगर परिषद चित्रकूट में बारिश के पश्चात जल जनित बीमारी की रोकथाम और बचाव हेतु दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इस दौरान नगर परिषद के सभी वार्डों में सफाई कर्मियों द्वारा दवा का छिडकाव करते हुए आमजनों को स्वच्छता और जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## राज्यमंत्री आज सतना आयेंगी

**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 23 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

# कलेक्टर ने सुनी 162 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 162 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा एवं एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्यवाही

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से नगर परिषद जैतवारा की टीम द्वारा पॉलीथिन की थैलियों व सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के उद्देश्य से चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद जैतवारा द्वारा बाजार में बड़े स्तर पर चालान काटो अभियान भी चलाया गया। इसके बाद सीएमओ पंजाब सिंह और नगर परिषद टीम द्वारा एक दर्जन से अधिक दुकानों से लगभग 13 किलोग्राम पॉलिथीन जप्ती पर 4 हजार रूपये का जुर्माने की राशि भी जमा की गई। साथ ही दुकानदारों को पॉलीथीन के स्थान पर कपड़ों के थैलों का प्रयोग करने की सलाह दी गई।



## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 42 आवेदन

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 42 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं का होगा विस्तार

## नागरिक सेवाएँ ई-नगर पालिका 2.0 एवं ऐप के माध्यम से देने का प्रयास

**सतना।** प्रदेश में नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 संचालित हो रही है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से नगरीय निकायों में चल रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025-26 में ई-गवर्नेंस-आईटी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की है। नगरीय निकायों की सभी सेवाओं को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड किया जायेगा। समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा।

नगरीय क्षेत्रों के सतत् और योजनाबद्ध विकास तथा विभागीय कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये रियल टाइम डेशबोर्ड विकसित किया जा रहा है। विभाग की एआई गार्ड योजना में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग किये जाने की भी योजना तैयार की गई है। ई-गवर्नेंस में ज्योग्रोफिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम (जीआईएस) के संयोजन के साथ शहरी विकास और सेवा विस्तार में आधुनिक पारदर्शी और डेटा संचालित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जायेगी। जीआईएस पोर्टल पर 90 से अधिक महत्वपूर्ण डाटा लेयर्स का प्रयोग कर इसका विकास किया जायेगा।

ऑटोमेटेड बिलिंडग प्लान अप्रूवल सिस्टम 3.0 पोर्टल (एबीपीएएस) के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा समस्त नगरीय निकायों में प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही कॉलोनी विकास अनुज्ञा को भी ऑनलाइन किये जाने को इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस एवं आईटी के विस्तार में व्हाट्सएप चेटबोट के माध्यम से नगरीय निकायों के सभी प्रकार के कर एवं गैर करों के बिल भुगतान की सुविधा एवं सेवाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जायेगा।

# डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है जुलाई माह, डेंगू प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पन्ना।** जिले में वर्तमान जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के संबंध में कार्यशालाओं के आयोजन सहित अन्य प्रचार-प्रसार गतिविधियां संचालित हैं। आज जिला मुख्यालय पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी के द्वारा डेंगू प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर डेंगू, चिकुनगुनिया सहित मलेरिया और फाइलेरिया के नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार कर जनसमुदाय को जागरूक करेगा। साथ ही बुखार आने पर जांच कराने एवं समय पर उपचार प्राप्त करने के लिए भी जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में जनसामान्य को अवगत कराया गया है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर कंटेनर ब्रीडर है। यह बर्तनों में संग्रहित साफ पानी में अंडे देता है। डेंगू से बचाव के लिए संग्रहित पानी को ढंककर रखना चाहिए और प्रति सप्ताह एक बार पानी को बदलना भी जरूरी है। बर्तन को रगड़कर धोना आवश्यक है। यदि पानी को बदलना संभव न हो तो सप्ताह में एक बार मीठा तेल इतनी मात्रा में डालना चाहिए की पानी के ऊपर एक पर्त बन जाए। अपने आसपास वर्षा के पानी जमाव वाली सामग्रियों जैसे टायर, टूटे-फूटे मटके, गमले, डिब्बे, नारियल के खोल इत्यादि न फेंके। डेंगू के लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, आंख के पीछे तरफ दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द एवं शरीर में लाल दाने या चकत्ते होते हैं।

## मैहर जिले में अब तक 614.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 22 जुलाई 2025 तक 614.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 629 मि.मी., मैहर में 554.9 मि.मी. एवं रामनगर में 658.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 299.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री आज सतना आयेंगे

**सतना।** राज्य शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल 23 जुलाई को दोपहर 1 बजे सतना पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

# किसानों को नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करें : मुख्यमंत्री

**आपदा में किसी की मौत न हो ऐसे प्रबंध करें : मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश**



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा खाद-बीज वितरण के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक औसत से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के संबंध में पूर्वानुमान के अनुसार चेतावनी समय पर जारी करायें। सभी जिलों में उपयुक्त स्थलों पर राहत शिविरों का निर्माण करके पीड़ितों के आवास, भोजन, पानी, प्रकाश और उपचार की व्यवस्था करें। प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य समुचित प्रचार प्रसार करें। आपदा के समय ऐसे प्रबंध करें की किसी की भी मौत न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान ही कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। गणेश जी और दुर्गा जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जन्माष्टमी, दशहरा, नवरात्रि तथा अन्य पर्व परंपरा के अनुसार मनाये।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित करें। खाद के रैक प्राप्त होने तथा जिले में उपलब्धता के संबंध में आमजनता को विभिन्न संचार माध्यम से लगातार सूचनाएं दें। अमानक खाद और बीज बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। खाद किसानों के घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों राहत राशि वितरण के साथ-साथ बीमा सुरक्षा का भी लाभ दें। जिला स्तर पर बीमा सलाहकार समिति गठित करें। प्राकृतिक आपदा में राहतमद 6-4 से राहत शिविरों के लिए भी राशि का प्रावधान है इसका उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयर एम्बुलेंस सेवा के उपयोग राहगिरी योजना, उद्योग संवर्धन केन्द्र को सक्रिय बनाये रखने तथा जिला स्तर पर 20 सदस्यों की जिला विकास समिति गठित करने के निर्देश दिये।

वीडियो कान्फ्रेसिंग में सतना के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर सुधीर बैक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, जलसंसाधन आरके वर्मा, आरईएस लाजरूज केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, उप संचालक कृषि, अधीक्षक भू-अभिलेख एमएल तिवारी, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट सुनीत कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 23 जुलाई 2025




**नगर परिषद मनगवां में मध्यप्रदेश अर्बन सर्विसेज इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट - एडिशनल फाइनेंसिंग के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय में वाटर ऑडिट गतिविधि का सफल आयोजन किया गया।**



# किसानों को नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करें : मुख्यमंत्री

**आपदा में किसी की मौत न हो ऐसे प्रबंध करें : मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश**



रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा खाद-बीज वितरण के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक औसत से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के संबंध में पूर्वानुमान के अनुसार चेतावनी समय पर जारी करायें। सभी जिलों में उपयुक्त स्थलों पर राहत शिविरों का निर्माण करके पीड़ितों के आवास, भोजन, पानी, प्रकाश और उपचार की व्यवस्था करें। प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य समुचित प्रचार प्रसार करें। आपदा के समय ऐसे प्रबंध करें की किसी की भी मौत न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान ही कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। गणेश जी और दुर्गा जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जन्माष्टमी, दशहरा, नवरात्रि तथा अन्य पर्व परंपरा के अनुसार मनाये।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित करें। खाद के रैक प्राप्त होने तथा जिले में उपलब्धता के संबंध में आमजनता को विभिन्न संचार माध्यम से लगातार सूचनाएं दें। अमानक खाद और बीज बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। खाद किसानों के घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों राहत राशि वितरण के साथ-साथ बीमा सुरक्षा का भी लाभ दें। जिला स्तर पर बीमा सलाहकार समिति गठित करें। प्राकृतिक आपदा में राहतमद 6-4 से राहत शिविरों के लिए भी राशि का प्रावधान है इसका उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयर एम्बुलेंस सेवा के उपयोग राहगिरी योजना, उद्योग संवर्धन केन्द्र को सक्रिय बनाये रखने तथा जिला स्तर पर 20 सदस्यों की जिला विकास समिति गठित करने के निर्देश दिये।

वीडियो कान्फ्रेसिंग में कमिश्नर कार्यालय के व्हीसी कक्ष से कमिश्नर बीएस जामोद, डीआईजी राजेश सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 23 जुलाई को आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आहूत बैठक में सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, सायबर तहसील, 6 माह से न्यायालय में लंबित प्रकरण, धारणाधिकार, स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य राजस्व विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री 24 जुलाई को रीवा होकर सीधी जायेंगे

**रीवा।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल 24 जुलाई को प्रातः 8 बजे रीवा रेलवे स्टेशन आयेंगे तथा सीधी के लिये प्रस्थित होंगे। श्री जायसवाल सीधी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत रात्रि 7.30 बजे रीवा आकर रात्रि 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल रवाना हो जायेंगे।

# कमिश्नर ने सीधी और सिंगरौली की नलजल योजनाओं की समीक्षा की

**एकल नलजल योजनाओं को पूरा कर ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें : कमिश्नर**

रीवा

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीधी तथा सिंगरौली जिले की एकल नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि एकल नलजल योजनाओं के कार्य तय समयसीमा में पूरे कराकर इन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार घरों में नल कनेक्शन करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। जिन पुनरीक्षित नलजल योजनाओं का कार्य कराने के लिए ठेकेदार सहमत हैं उनमें तत्काल कार्य शुरू कराएं। शेष नलजल योजनाओं में टेण्डर की कार्यवाही तत्काल करें।



सिंगरौली जिले में 13 नलजल योजनाओं तथा सीधी जिले में 36 नलजल योजनाओं के कार्यादेश तीन दिवस में जारी करें। नलजल योजनाओं के कार्य की सतत मानीटरिंग रखें। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले सहायक यंत्री और उपयंत्रियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। निर्माण एजेंसियों से तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरे कराएं। बैठक में अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह ने नलजल योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा सीधी और सिंगरौली जिले के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें : कमिश्नर

**अधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों में सुधार तत्काल करायें : कमिश्नर**

रीवा

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराएं। कम से कम पाँच आवेदकों से संभागीय अधिकारी स्वयं फोन पर चर्चा करके उनकी समस्याओं का निराकरण करें। योजनाओं के अपात्र अथवा तथ्यहीन आवेदनों को बंद करने की कार्यवाही करें। गत सप्ताह राजस्व विभाग ने 2593, स्वास्थ्य विभाग ने 597, पीएचई ने 1035, ऊर्जा विभाग ने 623, नगरीय निकायों ने 726 प्रकरणों का निराकरण करके अच्छे प्रयास किए हैं। जून माह की ग्रेडिंग में सतना को छोड़कर संभाग के सभी जिले ए श्रेणी में हैं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की सतत निगरानी करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में चार लोगों को छोड़कर सभी विभाग ऑनबोर्ड हो गए हैं। ई आफिस के माध्यम से फाइलों और पत्रों का आदान-प्रदान तथा निराकरण सुनिश्चित करें। सभी ऑनबोर्ड विभाग कम से कम पाँच ई फाइल भेजना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में पिछले सप्ताह भारी वर्षा से जनजीवन पर असर पड़ा। अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों तथा पुलों में सुधार कार्य तत्काल कराएं। संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम मनगवां ओवरब्रिज में तत्काल सुधार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने फसल क्षेत्राच्छादन, खाद के वितरण, पेयजल व्यवस्था तथा वर्षाजनित रोगों से बचाव के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर कलेक्टर मऊगंज ने सात अधिकारियों को दिया नोटिस

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिले के साथ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नईगढ़ी कल्पना यादव, प्रभारी प्रशासनिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी मऊगंज रामकुशल मिश्रा, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी हनुमना जगदीश राजपूत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (वित्तीय प्रभार) जनपद मऊगंज अवध बिहारी खरे, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक संतोष कुमार पाण्डेय, श्रीमती प्रतिभा सिंह तथा आरिफ रजा अंसारी को प्रधानमंत्री आवास के नवीन लक्ष्य के विरूद्ध प्रथम किश्त की राशि जारी न करने तथा समग्र सीडिंग में प्रगति न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

# पर्यटन कॉन्क्लेव के लिए तत्परता से तैयारियाँ करें : कलेक्टर

**रीवा में 26 और 27 जुलाई को होगी पर्यटन कॉन्क्लेव, आएंगे मुख्यमंत्री**

**रीवा।** रीवा में 26 और 27 जुलाई को पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि पर्यटन कॉन्क्लेव के लिए तत्परता से तैयारियाँ शुरू करें। इसके माध्यम से विन्ध्य क्षेत्र के पर्यटन उद्योग को नया आयाम मिलेगा। इस आयोजन में 500 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों के पर्यटन उद्योग से जुड़े हुए प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। मुख्य कार्यक्रम 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर्यटन कॉन्क्लेव से जुड़े प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। पर्यटन के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कॉन्क्लेव में 27 जुलाई को अलग-अलग प्रतिनिधि मण्डल चर्चा करेंगे तथा तीन चुने हुए पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रतिनिधि मण्डल को जिन स्थानों पर जाना है वहाँ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पर्यटन स्थल की जानकारी देने के लिए सुयोग्य व्यक्ति तैनात रखें। मुख्य कार्यक्रम स्थल में पेयजल, साफ-सफाई, साज-सज्जा, सुरक्षा, बिजली आपूर्ति, साउण्ड व्यवस्था तथा भोजन संबंधी व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को अतिथियों के स्वागत, ठहरने तथा घूमने संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की साज-सज्जा तथा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई के संबंध में भी निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने कृषि विभाग एवं नापतौल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिल्पी प्लाजा ए ब्लाक में संचालित कृषि विभाग एवं नापतौल विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी, बिल बाउचर, रिकार्ड संधारित सहित कृषकों को प्रदाय किये जाने वाले लाभ से संबंधित योजनाओं के रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ईकेवायसी, बीज वितरण, खाद की उपलब्धता



एवं फसल बीमा की प्रगति के संबंध में उप संचालक से जानकारी प्राप्त की तथा सभी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदाय के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को योजनाओं की जानकारी समय में दें तथा शिकायतों के निराकरण के लिये एक विशेष काउंटर स्थापित करें। उन्होंने रिकार्ड के डिजिटाइजेशन, कार्यालय की साफ-सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि यह विभाग जनता की विशेषकर किसानों की सेवा के लिये स्थापित विभाग है। विभाग के अधिकारियों को तत्परता से सेवा भाव के साथ कार्य करने के निर्देश निरीक्षण में कलेक्टर ने दिये।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा नापतौल विभाग में कर्मचारियों के समय से उपस्थित न रहने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि नियत समय में सभी कार्यालय में उपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। उन्होंने नापतौल से संबंधित प्रकरणों के संबंध में पूंछताछ की तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि उपकरणों की जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता लायें तथा किसी भी प्रकार का विलंब व देरी न करें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

# मनगवां में छात्रों के साथ वाटर ऑडिट गतिविधि का आयोजन

**रीवा।** नगर परिषद मनगवां में मध्यप्रदेश अर्बन सर्विसेज इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट - एडिशनल फाइनेंसिंग के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय में वाटर ऑडिट गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग सौ छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जल संरक्षण की महत्ता से अवगत कराना एवं नगर में संचालित जलावर्धन योजना की कार्यप्रणाली व उपयोगिता के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर बच्चों को जल के उपयोग की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया सिखाई गई। बच्चों को दैनिक जीवन में जल की बचत के बारे में बताया गया। वाटर ऑडिट की प्रक्रिया को विजुअल प्रेजेंटेशन एवं प्रैक्टिकल उदाहरणों के माध्यम से अत्यंत सरल एवं रोचक ढंग से समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को गहराई मिली। छात्रों ने जल कनेक्शन, जल गुणवत्ता, पाइपलाइन व्यवस्था तथा जल के स्त्रोतों से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किए गए। बच्चों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। इस संवाद से न केवल छात्रों में जल संरक्षण के प्रति चेतना विकसित हुई, बल्कि उन्होंने अपने परिवार एवं समुदाय को भी इस दिशा में जागरूक करने का संकल्प लिया। इस आयोजन का समन्वय सीडीओ श्री शैलेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सब इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर, सोशल सेफगार्ड प्रोफेशनल, संविदाकार प्रतिनिधि एवं ईएचएस पर्यवेक्षक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# जन सुनवाई में 104 प्रकरणों में की गई सुनवाई

**रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 104 आवेदकों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया।

जनसुनवाई में रमाकांत द्विवेदी बूक, पूजा साकेत एवं रीता साकेत खैरी तथा भैयालाल साकेत खैरा ने बाढ़ प्रभावित क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा प्रदाय करने का आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। राजकुमार साकेत



सदहना निवासी ने अवैध कब्जा कर भूमि विक्री किये जाने पर रोक का आवेदन दिया जबकि रेसआ निवासी रंगदेव पटेल ने अवरूद्ध रास्ता खोले जाने का आवेदन दिया। संबंधित आवेदनों को तहसीलदारों को भेजकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। मनुरिहाई निवासी बाल किशोर मिश्रा ने सीमांकन का आवेदन दिया तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। शोभादेवी साकेत पथरी निवासी एवं रामभान तिवारी ढेकहा के उपचार सहायता के आवेदनों पर सीएमएचओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ड क्रमांक 10 रीवा शहर के निवासी सौरभ सिंह के अर्न्तजातीय विवाह प्रोत्साहन सहायता राशि प्रदाय के आवेदन को आदिम जाति कल्याण विभाग को तथा रमाकांत द्विवेदी सेमरिया निवासी के लक्ष्मणबाग की भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को एसडीएम को भेजकर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।


## रोजगार मेला आज हनुमना में

**मऊगंज।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## पुलिस अधीक्षक ने सृजन कार्यशाला को बताया उपयोगी

**मऊगंज में सृजन कार्यशाला तथा नशा से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**मऊगंज।** मऊगंज पुलिस विभाग, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद रीवा के नेतृत्व में मऊगंज में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आत्मरक्षा के लिए विविध विषयों पर जानकारी दी गई। इसमें 50 छात्रों को निरन्तर मास्टर ट्रेनर सुनीता चौरसिया और समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी ने बताया कि इस आयोजन में किशोरी बच्चियों का सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833